पञ्जाबी-संस्कृत शब्दकोश

PUNJABI-SANSKRIT GLOSSARY

प्रधान सम्पादक

डॉ० गयाचरण त्रिपाठी

प्राचार्य

डा० बाबूराम [illegible]

[illegible]

सम्पादक

डॉ० शिवकुमार मिश्र

प्रवाचक

डॉ० आजाद मिश्र

प्रवाचक

डॉ० शैलकुमारी मिश्र

प्रवक्ता

गङ्गानाथ झा केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ

चन्द्रशेखर आजाद पार्क, इलाहाबाद-211002

प्रकाशक

डॉ० गयाचरण त्रिपाठी

आचार्य

गङ्गानाथ झा केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ

चन्द्रशेखर आजाद पार्क

इलाहाबाद-२११००२

●

●

मूल्य

●

मुद्रक

शाकुन्तल मुद्रणालय

३४, बलरामपुर हाउस

इलाहाबाद २

FOREWORD

It is matter of extreme satisfaction that the Punjabi Sanskrit Dictionary Project of this Vidyapeetha which was started 7 years ago has now reached its successful completion. The Project was taken into hand towards the end of 1979 at the suggestion of Shri K. K. Sethi, the then Director of the Rashtriya Sanskrit Sansthan as a part of the programme of the Sansthan to simplify the teaching of Sanskrit. The main aim of this Project has been to place before the learners of Sanskrit having Punjabi as their mother tongue a list of those Sanskrit words which are still in use both in spoken as well as in written Punjabi language. Such lists were to form the basis of preliminary Sanskrit courses which are to be especially developed for the Punjabi knowing people. This will fecilitate the learning of Sanskrit, on the one hand, and on the other, shall make the learners conscious of the rich heritage of Sanskrit that their language possesses. To the philologically more inquisitive mind it shall also demonstrate the phonetic and semantic devepment of the words of their language form the old Indo-Aryan down to the modern times. There are a number of other linguistic objectives too which the Glossary could be put to depending upon the requirements and needs of the teacher and the taught.

It is our first endeavour in this field. If the Glossary is received favourably by the public and is capable of serving the purposes for which it is meant and has been prepared, we shall be encouraged to undertake similar works in other languages too.

We have been fortunate all along to receive kind co-operation and help of a number of Punjabi and Sanskrit scholars in the planning and execution of this Project, Their names have been mentioned and the assistance acknowledged at the proper place in the Hindi preface. I express my deep gratitude to all of them once again.

I also have to thank sincerely my three colleagues, Dr. Shiva Kumar Mishra (Reader and Head of the Liguistic Unit of this Vidyapeeth), Dr. Azad Mishra (Formerly Lecturer in this Vidyapeetha and now Reader at the Lucknow Vidyapeetha) and Dr. (Mrs.) Shail Kumari Mishra (Lecturer in the Language Unit of this Vidyapeetha) who have spared no pains to make this Glossary academically sound and scientifically perfect, although Punjabi is not the mother tongue of anyone of them. All of them have willingly and voluntarily acquired the working knowledge of Punjabi in order to do justice to this academic venture. They have executed the task assigned to them to my entire satisfaction.

The printing of the Dictionary was a problem to us. Allahabad has no printing press which might undertake the job of Gurmukhi printing. Shri Upendra Tripathi of Shakuntal Madranalaya, however, took up this challenge. He went to Punjab and Delhi to procure Gurmukhi types and made his compositors learn Punjabi language and Gurmukhi script so that they could carry out this job well. My special thanks and blessings are due to this young entrepreneur,

Any comments or suggestion of the scholars towards the improvement of this scheme shall be most gratefully received, and seriously considered.

G. N. Jha Kendriya Sanskrit Vidyapeeth
Allahabad
December 5th, 1987

G. C. Tripathi
Principal

पंजाबी-संस्कृत-शब्दकोश

भूमिका

1. संकल्पना (Concept)

सुदीर्घकाल तक पराधीनता के कारण मुस्लिम शासन-काल में फारसी तथा ब्रिटिश-काल में अंग्रेजी का वर्चस्व स्थापित होने पर संस्कृत शनैः शनैः सरकारी एवं लोक-व्यवहार-क्षेत्र से दूर होती चली गयी। तब वह स्वैच्छिक रूप से राजाओं, जमींदारों तथा मन्दिर-मठों के द्वारा स्थापित संस्कृत-विद्यालयों में तथा व्यावसायिक दृष्टि से आयुर्वेद, चिकित्सा, ज्योतिष एवं कर्मकाण्ड में जीवित रही। इस समय तक भाषा के रूप में उसका प्रभाव कर्मकाण्ड, चारों धाम एवं सप्त तीर्थों तक सीमित रह गया, जहाँ से इसने भारत की सांस्कृतिक एकता को सुरक्षित रखा।

स्वातंत्र्योत्तर काल में संस्कृत के प्रति लोक में परस्पर दो विरोधी धारणाएँ फैलीं। कुछ असहिष्णु लोग "संस्कृत भाषा जटिल है", "संस्कृत धार्मिक भाषा है", "संस्कृत समुदाय-विशेष की भाषा है," "संस्कृत मृत भाषा है" आदि-आदि कटूक्तियों द्वारा संस्कृत पर अनवरत प्रहार करने लगे। दूसरी ओर संस्कृत यद्यपि जनता के भाषिक जगत् से दूर चली गयी, तथापि इसके प्रति लोगों की श्रद्धा एवं आस्था में ह्रास नहीं हुआ। भारतीय संस्कृति एवं विद्याओं में आस्था रखने वाले और अनेक प्रकार से संस्कृत के महत्त्व को समझने वाले अब भी संस्कृत के अध्ययन-अध्यापन में निःस्वार्थ भाव से लगे रहे। संस्कृत के ह्रास का एक कारण आधुनिक शिक्षा-पद्धति का बहु-आयामी होना भी रहा है। इस काल में ज्ञान-क्षेत्र में विस्फोट के कारण छात्रों पर अनेक विषयों का बोझ लदता गया। भाषा के रूप में संस्कृत की अपेक्षा हिन्दी एवं अंग्रेजी का वर्चस्व होने के कारण भी संस्कृत के प्रति लोकरुचि कम हुई। उधर पाठशालाओं में संस्कृत के साथ अनेक आधुनिक विषय पढ़ाये जाने के कारण संस्कृत के गहन अध्ययन की परिपाटी चरमरा गयी। सरकारी शिक्षा-नीति के निरन्तर परिवर्तनशील होने के कारण संस्कृत-शिक्षा चौराहे पर आ खड़ी हुई। त्रिभाषा-सूत्र के आने से विद्यालयों में संस्कृताध्ययन के अवसर क्षीण हो गये। अनेक प्रदेशों में क्षेत्रीय भाषा (कन्नड आदि), हिन्दी तथा अंग्रेजी का पठन-पाठन होने लगा। कहीं-कहीं तो केवल दो ही भाषायें पढ़कर छात्र छुट्टी पाने लगे; जैसे तमिलनाडु में तमिल एवं अंग्रेजी और उत्तर-प्रदेश में हिन्दी एवं अंग्रेजी।

इस स्थिति में पारम्परिक शैली से संस्कृत-शिक्षण व्यर्थ सिद्ध हो गया। परिणामतः संस्कृत-जिज्ञासुओं को संस्कृत-भाषा का ज्ञान अल्प समय में किस विधि से दिया जाय, प्रारम्भिक स्तर पर किस प्रकार की शैक्ष सामग्री दी जाय, इत्यादि ज्वलन्त प्रश्न हमारे समक्ष उठ खड़े हुए। संस्कृत-शिक्षण के सरलीकरण तथा आधुनिकीकरण का श्री-गणेश यहीं से प्रारम्भ होता है।

आधुनिक विद्यालयों एवं पारम्परिक पाठशालाओं में संस्कृत-अध्येताओं के अतिरिक्त भी संस्कृत-भाषा के शिक्षार्थियों एवं जिज्ञासुओं के अनेक स्तर होने के कारण संस्कृत-शिक्षण की सरलतम विधि की आवश्यकता अनुभूत हुई। सरकारी सेवा-निवृत्त कुछ ऐसे उत्साही शिक्षित लोग हैं, जो अपने अध्ययन-काल में तो संस्कृत-शिक्षा से वंचित रह गये, किन्तु अब संस्कृत के सांस्कृतिक एवं शाश्वत मूल्य को जानने के पश्चात् मौलिक रूप से संस्कृत पढ़ना चाहते हैं। कुछ ऐसे विदेशी भाषाविद् हैं जो संसार की अत्यन्त प्राचीन भाषाओं में अन्यतम संस्कृत के ज्ञान-विज्ञान की समृद्ध राशि को मूल रूप में जानना चाहते हैं। कुछ ऐसे भी हैं जो केवल रामायण, महाभारत, गीता अथवा कालिदास के साहित्य का ही अवगाहन करना चाहते हैं। विभिन्न शिक्षास्तर एवं विभिन्न भाषा-भाषी क्षेत्र से आने के कारण इन समस्त संस्कृत-ज्ञान-पिपासुओं को परम्परा-प्राप्त-प्रणाली से संस्कृत सिखाना समयसाध्य, श्रमसाध्य एवं द्रव्यसाध्य होगा। इनके लिये संस्कृत-शिक्षण की विधियों में सरलता के उपाय ढूंढने होंगे, जिससे अल्प समय में जिज्ञासु संस्कृत की अमूल्य राशि का ज्ञान प्राप्त कर सकें।

एक बात और। हिन्दी-भाषा-प्रेमी को जिस पद्धति से संस्कृत सिखलायी जायेगी, ठीक उसी पद्धति से फ्रेंच भाषा-भाषी को संस्कृत नहीं सिखलाई जा सकती। संस्कृत-शिक्षण में एक मलयालम भाषा-भाषी जिन आवश्यकताओं का अनुभव करेगा, ठीक उन्हीं आवश्यकताओं का अनुभव पंजाबी भाषा-भाषी भी करे, आवश्यक नहीं। आवश्यकताएं एवं अपेक्षाएं बदल जाने पर विधि एवं शैक्ष सामग्री भी बदल जायगी। शब्द-भण्डार बदलेंगे, वाक्य-संरचनाएं बदलेंगी, व्याकरण-मूलक जिज्ञासाएं बदल जायेंगी। अतएव आवश्यकता है, विभिन्न भाषा-भाषियों के लिये उनकी माँग एवं अपेक्षाओं के अनुसार पाठ्यक्रम एवं शैक्ष सामग्री का निर्माण करके उन्हें संस्कृत सिखलाने की।

किसी भी भाषा के शिक्षण में दो प्रमुख प्रतिबन्धक तत्त्व होते हैं—व्याकरण एवं शब्दावली। संस्कृत में ये दोनों ही तत्त्व अन्य भाषाओं की तुलना में अधिक जटिल हैं। संस्कृत में उपसर्ग, प्रत्यय, समास आदि के द्वारा एक शब्द के समानान्तर अनेक शब्द गढ़ने की अद्भुत क्षमता है। शिक्षार्थी समानान्तर एवं पर्यायवाची शब्दों के अरण्य में अपने को घिरा देख कर घबरा जाता है। शब्दों के रूप एवं उनके लिङ्ग की समस्या कुछ कम कठिन नहीं है। यह तथ्य है कि संस्कृत (वैदिक तथा लौकिक) अधिकांश आधुनिक भारतीय भाषाओं की जननी तथा आर्येतर भारतीय भाषाओं की संपोषिका है। अतएव संस्कृत से विकसित होने के कारण इन आधुनिक भारतीय भाषाओं में संस्कृत के प्रायः अस्सी प्रतिशत शब्द लेखन, पठन एवं व्यवहार में नित्य प्रयुक्त होते हैं। यदि आधुनिक भारतीय भाषाओं में से संस्कृत-मूलक एवं समानार्थक शब्दों का चयन करके उसके आधार पर संस्कृत में प्रान्तीय तथा राष्ट्रिय पाठ्यक्रम

तथा शैक्ष्य सामग्री का निर्माण किया जाय तो कम-से-कम शब्दावली की समस्या का समाधान अवश्य हो जायगा। इससे संस्कृत का शिक्षण निश्चित रूप से सरल होगा और स्वल्प काल मे ही संस्कृत शिक्षण के अधिलक्ष्य उद्देश्य पूरे हो सकगे। इसी पृष्ठभूमि मे प्रस्तुत शब्द-कोश का जन्म हुआ है।

यह कार्य सर्व प्रथम पंजाबी-भाषा से आरंभ किया गया है। पंजाबी-भाषा से योजनारंभ के पीछे अन्य भाषाओं के प्रति हमारा अनादरभाव नहीं है। सभी भाषाएँ महान् हैं। परन्तु, कहीं से तो प्रारंभ करना ही था। पंजाब वेदों की भूमि रहा है। भाषा-विकास की दृष्टि से पंजाबी संस्कृत से अधिक निकट है। अतएव यहीं से कार्यारंभ की संगति भी बैठती है। प्रस्तुत शब्द-कोश मे अति प्रचलित शब्दों को छाँटकर उनके आधार पर पंजाबी भाषा-भाषी क्षेत्र के लिये यदि संस्कृत मे पाठ्यक्रम एवं शैक्ष्य सामग्री का निर्माण किया जाय, तो संस्कृत-शिक्षण अवश्य ही प्रभावी तथा सरल हो सकेगा। शब्दावली की जटिलता के समाप्त हो जाने पर शिक्षिक्षुओं के समक्ष अब केवल व्याकरण-संबंधी समस्या ही शेष रहेगी। भारत की अन्य भाषाओं में यदि इस प्रकार की संस्कृत-मूलक एवं समानार्थक शब्दावलियों का चयन किया जाय और फिर, उन चयनित शब्दावलियों की परस्पर तुलना की जाय, तो एक ऐसी समन्वित शब्दावली प्रकाश में आएगी जिसके आधार पर संस्कृत में राष्ट्रिय पाठ्यक्रम का विकास किया जा सकता है।

ऊपर संस्कृत-शिक्षण के सरलीकरण के प्रसङ्ग में प्रस्तुत कोश के शैक्षणिक मूल्य की विस्तार से चर्चा की गयी। एतदतिरिक्त यह कोश राष्ट्र की भाषात्मक एवं भावात्मक एकता को सुदृढ़ बनाने मे सहायक सिद्ध होगा। अतः इसका राष्ट्रीय मूल्य भी कुछ कम नहीं है। यह सत्य है कि भारत का राज्यों में विभाजन भाषा के आधार पर हुआ है, जो चिन्तकों के विचार से समुचित नहीं हुआ। देश के समक्ष जूझने के लिए पूर्व से ही जाति, धर्म, सम्प्रदाय, वर्ग और वर्ण-भेद की समस्याएँ कुछ कम नहीं थीं। अब भाषा-विवाद भी उनमें जुड़ गया। यह भाषायी विवाद दिनानुदिन गहराता जा रहा है। इस स्थिति में उक्त प्रकार के द्विभाषीय तुलनात्मक कोश सम्पूर्ण राष्ट्र में भावनात्मक एकता के विकास में योगदान कर सकते हैं। जब व्यक्ति सुदूर प्रदेश में अपनी ही भाषा के शब्दों के प्रयोग देखता-सुनता है, तब वहाँ की भाषा के प्रति उसका प्रेमभाव जागृत होता है। इस भाषा से उसका परिचय ज्यों-ज्यों बढ़ता है, वैमनस्य भाव कम होता जाता है। फिर उस भाषा में बोलने वाले व्यक्तियों तथा उनके रीति-रिवाजों के प्रति हमारी आदर-भावना बढ़ती है। इस प्रकार शनैः शनैः एकात्मकता की भावना दृढ़ होती है। यदि भारतीय भाषाओं के बीच लिपि की दीवार हटा दी जाय तो हमारा विश्वास है कि भाषागत विवाद पचास प्रतिशत कम हो जायेंगे; क्योंकि समस्त भारतीय भाषाओं की धमनियों में संस्कृत का ही रक्त प्रवाहित हो रहा है। इस बात की परमावश्यकता है कि प्रथम चरण में संस्कृत के साथ समस्त आधुनिक भारतीय भाषाओं और द्वितीय चरण में परस्पर आधुनिक भारतीय भाषाओं के तुलनात्मक कोशों का निर्माण किया जाय।

इतना ही नहीं, यदि पश्चिम की प्राचीनतम समृद्ध भाषाओं में ग्रीक तथा लैटिन तथा पूर्व की भाषाओं में संस्कृत तथा अवेस्ता के परस्पर तुलनात्मक कोश तैयार किये जायें तो पता चलेगा कि इनमें भाषागत प्रचुर साम्य है। यही नहीं, हमें यह जानकर सुखद आश्चर्य होगा कि इन भाषाओं की छत्रछाया

में पनपी संस्कृतियों में भी विलक्षण साम्य है। तब गोरे और काले तथा पूर्व और पश्चिम का भेद-भाव स्वतः निर्मूल हो जायगा। तब हम देखेंगे कि समस्त प्रदेशों, देशों, जातियों एवं धर्मों में केवल दृष्टि-भेद है। मूलतः सभी एक ही नृवंश से सम्बन्धित हैं। और वे एक ही स्थान से चलकर विभिन्न दिशाओं में फैले हैं। दक्षिणपूर्व एशिया के देश—थाईलैण्ड, कम्बोडिया, इन्डोचीन, बर्मा, जावा, सुमात्रा इत्यादि देश तो भारतीय संस्कृति से पूर्ण प्रभावित हैं। समीक्षकों की सम्मति है कि उक्त प्रकार के कोश अन्य आवश्यक शैक्षिक अथवा साहित्यिक कार्यों में तो सहायक सिद्ध होंगे ही, साथ-साथ पारिभाषिक शब्दावली के निर्माण में इनका प्रचुर उपयोग किया जा सकता है। शोधकार्य की दिशा में यह कोश अधिक उपादेय होगा।

2. विधि (Procedure)

संस्कृत अधिसंख्य आधुनिक भारतीय भाषाओं एवं क्षेत्रीय भाषाओं की जननी है तथा समस्त भारतीय आर्येतर भाषाओं की सम्पोषिका है। इस कारण संस्कृत के लगभग अस्सी प्रतिशत शब्द तत्सम या तद्भव रूप में भारत की समग्र भाषाओं में नित्य लेखन, पठन तथा व्यवहार में आते हैं। इस कारण भाषा-शास्त्रीय दृष्टि से इसका प्रचुर महत्त्व है। संस्कृत-वाङ्मय की शब्द-सम्पदा विशाल है और इसका व्याकरण अत्यन्त वैज्ञानिक है। शब्द-सम्पदा की विशालता एवं व्याकरण की वैज्ञानिकता जहाँ एक ओर संस्कृत की विशिष्टता है, दूसरी ओर संस्कृत के प्रचार-प्रसार में ये कुछ कठिनाइयाँ भी उत्पन्न करती हैं। इसी कारण संस्कृत-शिक्षण के आधुनिकीकरण एवं सरलीकरण की माँग बराबर उठती रहती है।

संस्कृत से सम्बद्ध शिक्षाविदों, भाषाविदों, शिक्षाधिकारियों एवं संस्कृतज्ञों का मत है कि प्रत्येक प्रादेशिक या क्षेत्रीय भाषा में प्रचलित संस्कृत की तत्सम एवं तद्भव शब्दावली का संकलन करके यदि उस क्षेत्र के लिये संस्कृत का एक पृथक् पाठ्यक्रम विकसित किया जाय और तदनुरूप शैक्ष सामग्री प्रदान की जाय, तो उस क्षेत्र के लोगों के लिये संस्कृत-शिक्षण निश्चित रूप से सरल होगा; क्योंकि उन्हें संस्कृत के नये शब्द सीखने का अतिरिक्त परिश्रम नहीं करना पड़ेगा। ये शब्द उनके लिये चिर-परिचित होंगे।

इस तथ्य को ध्यान में रखकर शिक्षा-मन्त्रालय, भारत सरकार के तत्कालीन भाषा-निदेशक एवं राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के निदेशक श्रीमान् के० के० सेठी ने 1979 ई० में राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के अन्तर्गत गङ्गानाथ झा केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, इलाहाबाद के विद्वान् प्राचार्य डा० रमाकान्त त्रिपाठी के कुशल निर्देशन में इसी विद्यापीठ के भाषानुभाग को यह कार्य सौंपा। भाषा-निदेशक ने यह ठीक ही अनुभव किया कि चूँकि पंजाब वैदिक भाषा एवं संस्कृति का मुख्य केन्द्र रहा है, अतएव सर्वप्रथम पंजाबी-भाषा से ही संस्कृत-मूलक एवं समानार्थक शब्दों का संचयन करके इसके आधार पर विकसित पाठ्यक्रम द्वारा पंजाबी-क्षेत्र में संस्कृत-शिक्षण का कार्य आरम्भ किया जाय। इसके लिये सर्वप्रथम श्री आर० एल० टर्नर प्रणीत "ए कम्परेटिव डिक्शनरी आफ इण्डो आर्यन लैंग्वेजेज", शिक्षा-मन्त्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रकाशित 'हिन्दी वर्ड्स कामन टु अदर इण्डियन लैंग्वेजेज' का हिन्दी-पंजाबी-प्रखण्ड एवं "पंजाबी बोली" से शब्द-संकलन का कार्यविश्लेषण-सहित पृथक्-पृथक् शब्द-पत्रों पर किया गया। उक्त ग्रन्थों से लगभग तीन हजार शब्द संकलित किये जाने पर शब्द-पत्रों में पंजाबी शब्दों की गुरुमुखी लिपि, उनकी बारम्बारता तथा लिङ्गादि-व्याकरण-विश्लेषण और पंजाबी तथा संस्कृत-शब्दों की समानार्थता के

निश्चयन एवं प्रमाणीकरण को आवश्यक जानकर राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के तत्कालीन निदेशक श्रीसेठी महोदय ने संस्कृत एवं पंजाबी-भाषा के मर्मज्ञ विद्वानों, भाषाविदों एवं शिक्षाविदों की एक गोष्ठी आयोजित करने की स्वीकृति प्रदान की। गोष्ठी द्वारा कार्य एक मेज से उठकर देश के विभिन्न कोने से पधारे विद्वानों के समक्ष जाता है। इससे एक ओर जहाँ विद्वज्जनों के वैदुष्य का लाभ प्राप्त होता है, दूसरी ओर उक्त कार्य का प्रचार-प्रसार भी होता है।

उक्त कार्य के लिये भाषानुभाग की प्रथम 'पंजाबी-संस्कृत-कार्यगोष्ठी' दिनांक 15-3-80 से 20-3-80 की अवधि में दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली में आयोजित की गयी, जिसकी अध्यक्षता कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के भूतपूर्व संस्कृतविभागाध्यक्ष एवं वयोवृद्ध प्रोफेसर श्री साधुराम शास्त्री ने की थी। उक्त गोष्ठी के आदरी (आनरेरी) निदेशक डा० हरभजन सिंह, प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, आधुनिक भारतीय भाषा-विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय ने गोष्ठी का उद्घाटन किया था। इस गोष्ठी में 3000 शब्द-पत्रों का वाचन एवं संशोधन-पुरस्सर प्रमाणीकरण किया गया। उक्त गोष्ठी के समापनसमारोह की अध्यक्षता दिल्ली वि० वि० के तत्कालीन कुलपति प्रो० उदित नारायण सिंह ने की थी। उस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वक्तव्य देते हुए लोक-सभाध्यक्ष चौधरी श्री बलराम जाखड़ ने कहा था कि संस्कृत देववाणी है और पंजाबी गुरुवाणी। अतएव संस्कृत-पंजाबी का भाषाशास्त्रीय तुलनात्मक अध्ययन एक ओर जहाँ राष्ट्र में भाषात्मक एवं भावात्मक एकता की दिशा में अत्यन्त उपादेय होगा, दूसरी ओर इसके आधार पर विकसित पाठ्यक्रम द्वारा पंजाबी-क्षेत्र के लिये संस्कृत-शिक्षण सुकर हो सकेगा। लोक-सभाध्यक्ष ने उस समय सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन पर निराशा खेद प्रकट करते हुए कहा था कि योजनाएं प्रारम्भ तो होती हैं, किन्तु उनके परिणाम सामने नहीं आते। उनका यह उद्बोधन हमारे लिये सदा चुनौती का कार्य करता रहा।

इसी क्रम में द्वितीय कार्यगोष्ठी गङ्गानाथ झा केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, इलाहाबाद के परिसर में दि० 15-12-80 से दि० 20-12-80 की अवधि में सम्पन्न हुई। इस बीच भाषानुभाग ने पुनः 4500 शब्दों का संकलन कर लिया था। इस गोष्ठी में 4500 शब्दपत्रों की पूर्वरीति से समीक्षा की गयी तथा भाषानुभाग द्वारा निर्मित "पंजाबी-भाषा क्षेत्रीय संस्कृत-पाठ्यक्रम" के प्रारूप का प्रथम वाचन करके अपेक्षित संशोधन भी किया गया। इस गोष्ठी की अध्यक्षता गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर के गुरु नानक अध्ययन-विभाग के भूतपूर्व अध्यक्ष एवं प्रोफेसर डा० प्रीतमसिंह ने की थी। इस गोष्ठी के प्रतिभागी विद्वानों ने सुझाव दिया कि इस शब्दावली का संकलन-कार्य तब तक परिपूर्ण नहीं कहा जा सकता, जब तक भाषा-विभाग, पटियाला का 'पंजाबी-हिन्दी कोश', तथा भाई कान्ह सिंह के 'महान् कोश' से शब्द-संग्रह न कर लिये जायें।

इस गोष्ठी के तत्काल पश्चात् भाषानुभाग ने सर्वप्रथम "पंजाबी हिन्दी कोश" उपलब्ध करके पूर्व संकलित 7500 शब्दों के अतिरिक्त इस 'पंजाबी हिन्दी कोश' तथा 'भारतीय व्यवहार-कोश' से 4500 शब्दों का संकलन किया। इसी बीच भाई कान्ह सिंह का विश्रुत, किन्तु दुर्लभ 'महान् कोश' पुनः मुद्रित हो गया। इसके उपलब्ध होते ही इससे तथा 'पंजाबी इंग्लिश डिक्शनरी' से लगभग 4000 शब्दों का संकलन किया गया। 8500 नवनिर्मित शब्द-पत्रों के प्रमाणन एवं द्वितीय कार्य-गोष्ठी में

विकसित 'पंजाबी क्षेत्रीय संस्कृत-शिक्षण-पाठ्यक्रम' को अन्तिम रूप प्रदान करने के लिये गोष्ठियों की शृङ्खला में पंजाबी-संस्कृत-भाषाविदों एवं शिक्षाविदों की तृतीय कार्यगोष्ठी दि० 26-3-82 से 30-3-82 की अवधि में गङ्गानाथ झा केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, इलाहाबाद के परिसर में सम्पन्न हुई। इस कार्यशाला का उद्घाटन मुख्यातिथि के रूप में आमन्त्रित शीर्षस्थ भाषाविद् प्रो० उदय नारायण तिवारी ने किया तथा अध्यक्षता वैयाकरण पं० भूपेन्द्रपति त्रिपाठी ने की (अब दोनों दिवंगत हो चुके हैं)। इस गोष्ठी के समापन-समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो० उदित नारायण सिंह, तत्कालीन कुलपति, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद पधारे थे तथा समारोह की अध्यक्षता इलाहाबाद विश्वविद्यालय के भूतपूर्व कुलपति प्रो० बाबूराम सक्सेना ने की थी। इस गोष्ठी में लगभग 4000 शब्द-पत्रों का प्रमाणन हो पाया तथा पाठ्यक्रम को अन्तिम रूप प्रदान कर दिया गया। गोष्ठी के विद्वानों ने परामर्श दिया कि भाषानुभागी अधिकारी भी कतिपय दिवसों के लिये संयोजक आकर आवश्यकतानुसार पुस्तकालयों एवं विशेषज्ञों से परामर्श लेकर शेष कार्य पूरा करें। फिर गोष्ठी की आवश्यकता नहीं होगी।

तृतीय गोष्ठी के प्रस्तावानुसार भाषानुभाग के दोनों अधिकारियों ने मई, 1983 के द्वितीय सप्ताह में पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़ के परिसर में रहकर डा० ओमप्रकाश वशिष्ठ एवं डा० अजमेर सिंह के सहयोग से शेष शब्द-पत्रों का प्रमाणन किया। इस प्रकार इस कोश में पंजाबी के संस्कृत-मूलक एवं समानार्थक कुल 16000 शब्दों का संकलन-विश्लेषण पुरस्सर किया गया है। यह कहना सर्वथा अनुपयुक्त होगा कि पंजाबी में संस्कृत-मूलक समानार्थी शब्द मात्र इतने ही हैं। यदि पंजाबी की समस्त प्राचीन एवं आधुनिक तथा लिखित एवं अलिखित बोल-चाल के साहित्य एवं भाषा से शब्द-संकलन किये जायें तो निश्चय ही अच्छी खासी संख्या में संस्कृतमूलक समानार्थक शब्द प्राप्त होंगे।

3. व्यवस्था (Arrangement)

अभिधान

प्रस्तुत ग्रन्थ का नाम 'पंजाबी-संस्कृत-शब्दकोश' (Punjabi Sanskrit Glossary) रखा गया है। यहाँ यह शंका स्वाभाविक है कि 'शब्दकोश' के लिये अंग्रेजी में प्रचलित शब्द 'डिक्शनरी' (Dictionary) है। फिर शब्दकोश के लिये अंग्रेजी अभिधान में "ग्लॉसरी" शब्द का प्रयोग किस उद्देश्य से किया गया? अथवा यदि इस कोश के आंग्लभाषीय अभिधान "Punjabi Sanskrit Glossary" को आधार मानकर विचार किया जाय तो भी शंका की गुंजाइश रहेगी ही। अंग्रेजी के 'ग्लॉसरी' का रूपान्तर है—'शब्दावली', 'शब्द-संग्रह' 'शब्द-संकलन' इत्यादि। फिर क्यों नहीं हिन्दी अभिधान में 'शब्दकोश' के स्थान पर 'शब्दावली' 'शब्द-संग्रह' अथवा 'शब्द-संकलन' रखा गया? तथ्य यह है कि उपर्युक्त दोनों विकल्पों में किसी एक विकल्प को स्वीकार कर लेने पर हमारी बात नहीं बनती। प्रस्तुत ग्रन्थ न तो सम्पूर्णतया 'शब्दकोश' है और न ही 'ग्लॉसरी'। 'शब्दकोश' में सामान्यतया अकारादि क्रम से शब्द, शब्दों का उच्चारण, उनकी निरुक्ति तथा व्याकृतियाँ, उनके विभिन्न अर्थ, उनके पर्याय और विपर्याय तथा उनसे सम्बद्ध विभिन्न प्रयोग भी दिये गये होते हैं। इसके अन्तर्गत उस भाषा के शब्दों के सम्बन्ध में सम्पूर्ण सूचनाएँ दी गयी हो सकती हैं अथवा सूचनाओं का केवल एक भाग भी दिया गया हो सकता है। किन्तु इस कोश में ऐसा नहीं है। यहाँ शब्दों

के प्राय: दो अथवा तीन ही अर्थ दिये गये हैं। शब्दों के पर्याय एवं विपर्याय तथा शब्दों से सम्बद्ध विभिन्न प्रयोगों का इसमें अविकलतया अभाव है। पुनश्च पंजाबी भाषा के असंख्य शब्दों को इसमें स्थान भी नहीं प्राप्त हुआ है। अतएव इस कोश की तुलना दैनिक व्यवहार में प्रचलित सामान्य कोशों से नहीं की जा सकती। इसे 'ग्लॉसरी' मात्र कहना भी समुचित नहीं है, क्योंकि 'ग्लॉसरी' में अकारादि क्रम से शब्द तो दिये गये होते हैं, किन्तु शब्दकोश के समान इन शब्दों से सम्बद्ध अनेक सूचनाएँ नहीं दी गयी होती हैं। ग्लॉसरी प्राय: ग्रन्थान्त में दी जाती है। किन्तु इस कोश में शब्दों के संग्रह के अतिरिक्त ध्वन्यङ्कन, व्याकरणिक टिप्पणियाँ एवं अर्थ भी दिये गये हैं। यह सब 'ग्लॉसरी' में नहीं होता। अतएव इस कोश के लिये 'ग्लॉसरी' अभिधान भी समुचित नहीं है। इसका एक कारण यह भी है कि इसमें शब्दों का संकलन न तो सामान्यतया प्रचलित कोशों के अनुसार किया गया है और न ही 'ग्लॉसरी' में संगृहीत शब्दावली के समान। वस्तुत: इसे पंजाबी-संस्कृत-शब्दों का 'विशिष्ट कोश' कहना अधिक उपयुक्त होगा। विशिष्टता का आधार यह है कि इस कोश में पंजाबी भाषा के उन्हीं शब्दों को स्थान दिया गया है, जो संस्कृत-भाषा से विकसित होकर पंजाबी में आये हैं तथा जिन्होंने अपने में संस्कृत के अर्थ आज भी सुरक्षित रखे हैं। तात्पर्य यह है कि इस शब्दकोश में उन्हीं शब्दों का संचयन किया गया है, जो पंजाबी तथा संस्कृत में ध्वनि एवं अर्थ की दृष्टि से समान हैं। इस कोश में पंजाबी-भाषा के वे समग्र शब्द छोड़ दिये गये हैं, जिनका विकास संस्कृत से न होकर किसी अन्य भाषा से हुआ है अथवा वे शब्द देशज हैं। इसमें उन शब्दों का भी संग्रह नहीं किया गया है, जिनका अर्थ पंजाबी तथा संस्कृत-भाषा में असमान हो। इस कोश की एक विशिष्टता यह भी है कि इसमें नागरी तथा रोमन लिपि में शब्दों के उच्चारण का यथावत् ध्वन्यङ्कन देने का प्रयास किया गया है।

अनुक्रम

इस कोश में संगृहीत शब्दावली का प्रारम्भ गुरुमुखी लिपि में निबद्ध पंजाबी-शब्दों से होता है। चूंकि पंजाबी-भाषा के शब्दों को आधार मानकर इनके संस्कृत-मूल तक पहुँचने का प्रयास किया गया है, अतएव कोश का आरम्भ पंजाबी-शब्दों से होना स्वाभाविक था। इस प्रकार के कोशों की प्रक्रिया भी यही होती है। अनेक विवरणों के साथ गुरुवाणी से देववाणी तक पहुँचने का यह प्रथम प्रयास है, यह विनम्रतापूर्वक कहा जा सकता है।

कोश के विवेच्य इन प्रमुख शब्दों (Catch words) के पश्चात् नागरी तथा रोमन लिपि में इन शब्दों के उच्चारण का यथावत् ध्वन्यङ्कन देने का प्रयास किया गया है। पंजाबी-शब्दों के उच्चारणों का दो लिपियों में ध्वन्यङ्कन देने के मूल में यह उद्देश्य रहा है कि इस कोश का विपुल प्रसार हो सके तथा इसके पाठकों की संख्या में पर्याप्त अभिवृद्धि हो सके। "यथावत् ध्वन्यङ्कन का प्रयास किया गया है"—यह व्याख्या-सापेक्ष है। कोश में वस्तुत: किसी भी भाषा के शब्दों के उच्चारण का यथावत् ध्वन्यङ्कन करना दुस्तर कार्य होता है। कारण, एक ही शब्द प्रदेश-भिन्नता एवं वक्तृ-भिन्नता के कारण भिन्न-भिन्न रूप से उच्चारित होता है। कोश में इन समस्त भिन्न उच्चारणों का ध्वन्यङ्कन असम्भव है। अतएव कोशों में उनके मानक उच्चारण का ही ध्वन्यङ्कन किया जाता है। ध्वन्यङ्कन की यह कठिनाई तब और भी बढ़ जाती है, जब किसी भाषा-विशेष की लिपि में न दिया जाकर भाषान्तर की लिपि में दिया जाता है। इसका कारण यह है कि भाषा-विशेष के सभी वर्णों के लिये भाषान्तर में न तो पर्यायवाची वर्ण होते

हैं और न ही ध्वनि-संकेत । प्रत्येक लिपि जिस भाषा के लिये निर्मित होती है, उसी भाषा की समस्त ध्वनियों को व्यक्त करने में अक्षम होती है, फिर अन्य भाषा की ध्वनियों की अभिव्यक्ति की बात तो दूर ही है । बोलने और लिखने में समन्वय का दावा करना धृष्टता है । एक उदाहरण—संस्कृत में 'घर' शब्द का उच्चारण पंजाबी में अन्य प्रकार से होता है । पंजाबी में 'घर' की 'घ' ध्वनि 'क' और 'ग' के बीच की मिश्रित ध्वनि-जैसी उच्चारित होगी । इसका ध्वनि-संकेत कुछ (क ह्र् र) ऐसा होगा । पंजाबी के 'भगवान' और 'भाभी' आदि शब्दों का उच्चारण भी इसी प्रकार होगा । पंजाबी-भाषा में शब्द के प्रारम्भ में किसी वर्ग का सघोष महाप्राण वर्ण आने पर उसका उच्चारण अघोष अल्पमहाप्राण की तरह होकर उस पर अधिक बल दिया जाता है ।

ध्वन्यङ्कन की इसी कठिनाई को दृष्टि में रखकर कतिपय कोशकारों ने शब्दों का लिप्यन्तरण-मात्र करके छोड़ दिया है । इससे पाठक अथवा भाषा सीखने वालों में अशुद्ध उच्चारण का अभ्यास बढ़ता जा रहा है । "अकरणात् मन्दकरणं श्रेयः" इस सदुक्ति का अवलम्ब लेकर प्रस्तुत कोश में यथावत् ध्वन्यङ्कन देने का प्रयास किया गया है । हमारा तो यह भी उद्देश्य है कि पंजाबीतर पाठक भी पंजाबी भाषा के शब्दों का सही उच्चारण सीख सकें । सम्भव है, इस प्रसङ्ग में अनेक स्थलों पर त्रुटियाँ रह गयी हों, सुधी पाठक क्षमा करेंगे ।

ध्वन्यङ्कन के पश्चात् कोष्ठक में कहीं तो [1], कहीं [2], तथा कहीं [3] संख्या दर्शायी गयी है । कोष्ठकों के अन्दर की ये संख्यायें पंजाबी-भाषा में प्रयोग तथा प्रचलन के आधार पर तत्तत् शब्दों की बारम्बारता (Frequency) को सूचित करती हैं । बारम्बारता का निर्धारण केवल पंजाबी भाषा के शब्दों का ही किया गया है । पंजाबी-भाषा में कम प्रचलित शब्दों को संख्या [1] से, प्रचलित शब्दों को [2] से तथा अतिप्रचलित शब्दों को [3] से दर्शाया गया है । परिशिष्ट भाग के शब्दों के आगे कोई भी कोष्ठक नहीं है । इसका कारण यह है कि परिशिष्टगत शब्दों की बारम्बारता के विषय में विद्वानों में मतभेद है । इस प्रसङ्ग में कुछ विद्वान् कट्टरवादी हैं जिनका कथन है कि परिशिष्टगत ये सभी शब्द वर्तमान पंजाबी में बिल्कुल अप्रचलित हैं । इनका प्रचलन शून्य की कोटि का है । अतएव कोश के सन्दर्भ में इन पर विचार करना तथा इन्हें कोश में स्थान देना व्यर्थ है । किन्तु विद्वानों का एक वृन्द उदारवादी है जिसका दृष्टिकोण है कि अनुभव के आधार पर यह कथन सर्वथा तथ्यरहित है कि इन शब्दों का प्रचलन अब पंजाबी में नहीं होता । ऐसा दावा कोई कर भी नहीं सकता; क्योंकि पंजाबी-भाषा की आज कई बोलियाँ हैं । बहुत सम्भव है, किसी-न-किसी बोली में इनका प्रचलन अब भी होता हो । थोड़ी देर के लिये यह स्वीकार भी कर लिया जाय कि पंजाबी की किसी भी बोली में इन शब्दों का प्रयोग अब नहीं होता, तो भी यह निर्विवाद है कि कोशों तथा साहित्यिक-धार्मिक ग्रन्थों में इनका प्रयोग हुआ है तथा इनका अध्ययन-मनन अब भी होता है । अतएव बारम्बारता की दृष्टि से इनको शून्य कोटि में रखना तर्कसङ्गत नहीं प्रतीत होता है ।

इन दो विरुद्ध मतों में समन्वय कैसे किया जाय ? वास्तव में दोनों ही मतों में बल है । दोनों ही मतों का अपना-अपना पुष्ट आधार है । निरवधि काल एवं विपुल पृथ्वी को दृष्टि में रखकर यह कहना समुचित प्रतीत नहीं होता कि अमुकामुक शब्दों का प्रचलन अब नहीं होता । पूरी-की-पूरी हिब्रू भाषा एक युग के अन्तराल के बाद भी जब प्रचलन में आ सकती है, तो फिर शब्दों का क्या कहना ?

अतएव प्रयोग की दृष्टि से शून्य कोटि का होने पर भी अमुकामुक शब्द शब्दकोश की सम्पत्ति होने में बाधक नहीं है और जहाँ तक भाषाशास्त्रीय आधार पर भाषा विकास का प्रश्न है यह सत्य है कि परिशिष्टगत पंजाबी-शब्द संस्कृत-भाषा से विकसित है। अतएव ये इस कोश की सम्पदा होने के अधिकारी है।

यहाँ यह कह देना अत्यन्त प्रासङ्गिक होगा कि बारम्बारता के निर्धारण के लिये यहाँ कोई निर्धारित वैज्ञानिक प्रक्रिया नहीं अपनायी गयी है। यहाँ बारम्बारता का निर्धारण वस्तुनिष्ठ न होकर व्यक्तिनिष्ठ है। वैज्ञानिक प्रक्रिया के अनुसार इन समस्त शब्दों के बारम्बारता-निर्धारण में अपार समय अपेक्षित था और तब यह कोश अधिक विलम्ब से प्रकाशित होता। बारम्बारता का निर्धारण इस प्रसङ्ग मे आयोजित गोष्ठियों में भाग लेने वाले पंजाबी-विद्वानों ने किया है।

बारम्बारता के पश्चात् पंजाबी-शब्दों की व्याकरणिक टिप्पणियाँ दी गई हैं। इन शब्दो के संज्ञा (नाम) होने पर पुंल्लिग अथवा स्त्रीलिङ्ग के संकेताक्षर 'पुं०' अथवा 'स्त्री०' से, सर्वनाम होने पर 'सर्व०' से, विशेषण होने पर 'वि०' से, अव्यय होने पर 'अ०' से तथा क्रिया-विशेषण होने पर 'क्रि० वि०' में दर्शाया गया है। शब्दों के क्रिया होने पर उनको सकर्मक अथवा अकर्मक के संकेताक्षर 'सक० क्रि०' अथवा 'अक० क्रि०' से दिखाया गया है। पंजाबी की कोई क्रिया यदि संस्कृत के किसी सिद्ध क्रियापद से विकसित हुई है, तो उसके वर्तमान-कालिक होने पर 'वर्त०', भूतकालिक होने पर 'भूत०' और भविष्यत्कालिक होने पर 'भवि०' से निर्दिष्ट किया गया है। यथा—

> वसेंगा वससि Vasasi भवि० अक० क्रि०
> वत्स्यसि (भ्वादि अक० लृट्) रहेगा, निवास करेगा।

पंजाबी-शब्दों के सामने की सूचनाएँ यहीं समाप्त होती हैं। पंजाबी-शब्दों का यह विश्लेषण अधिकांशतया एक ही पंक्ति में समाप्त हो गया है, किन्तु कहीं-कहीं दो पंक्तियों तक भी चला गया है।

पंजाबी-शब्दों के विश्लेषण के अनन्तर द्वितीय पंक्ति से संस्कृत-शब्दों का विश्लेषण आरम्भ होता है। संस्कृत-भाषा के जिस मूल शब्द से पंजाबी-शब्द का विकास हुआ है, उस संस्कृत-मूल को काले-मोटे अक्षरों से दिखलाया गया है। यहाँ ध्यातव्य है कि संस्कृत-शब्दों के संज्ञा, विशेषण, सर्वनाम अथवा अव्यय होने पर इनका प्रातिपदिक (मूल शब्द) रूप ही दिया गया है, न कि पद। यथा—'ਊਠ' को 'उष्ट्र' से विकसित दिखलाया गया है, न कि पद 'उष्ट्रः' से। हाँ, पंजाबी-क्रियाओं के विकास को दिखलाने के लिए संस्कृत की मूल धातु से न दिखलाकर उस धातु के वर्तमान कालिक (लट् लकार) प्रथम पुरुष के एक वचन के रूप में दिखलाना समुचित समझा गया। यथा, पंजाबी के 'ਉੱਕਰਨਾ' को संस्कृत की उत्-उपसर्ग सहित कृ-धातु के लट्-लकार प्रथम पुरुष एकवचन के रूप 'उत्किरति' से विकसित दिखलाया गया है। पंजाबी-क्रियाओं के विकास को दिखलाने की यही प्रक्रिया इस कोश में आसर्वत्र अपनायी गयी है। इस पद्धति से दोनों ही भाषाओं की क्रियाओं का साम्य-बोध अटिलि हो जाता है। इस पद्धति से क्रिया आत्मनेपद की है अथवा परस्मैपद की—इसका भी ज्ञान तत्काल हो जाता है। इस कोश के अन्तर्गत पंजाबी की जितनी भी क्रियायें संगृहीत की गयी हैं, सभी प्रत्ययान्त हैं। अतएव इनका संस्कृत-मूल भी प्रत्ययान्त ही दिया गया है। यदि पंजाबी-क्रियाओं का संस्कृत-मूल केवल धातु का निर्देश-मात्र करके दिखलाया जाता, तो कई विसंगतियों के उत्पन्न होने की संभावनाएं थीं। महान् कोशकार आर० एस० टर्नर ने भी अपने कोश में यही प्रक्रिया को अपनाया है।

संस्कृत-शब्दों के आगे कोष्ठकों में पंजाबी-शब्दों के समान ही उनकी व्याकरणिक टिप्पणियाँ दी गयी हैं। संस्कृत-शब्दों के संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण एवं अव्यय या क्रिया-विशेषण होने पर पंजाबी शब्दों के समान ही संकेताक्षरों का प्रयोग किया गया है। किन्तु क्रिया होने पर कोष्ठक में उस धातु के गण-निर्देश के साथ-साथ धातु के सकर्मक होने पर 'सक०' तथा अकर्मक होने पर 'अक०' से निर्देश किया गया है। यदि यह धातु प्रेरणार्थक है तो इसका 'प्रेर०' से उल्लेख किया गया है। किन्तु पंजाबी-क्रिया के संस्कृत के सिद्ध क्रिया-पद से विकास की स्थिति में संस्कृत-शब्दों के आगे कोष्ठकों में लकार एवं वचन का निर्देश किया गया है। यथा—

ਲਖਮ लखाम् Lakham सक० वर्त० क्रि०
लक्षयामि (चुरादि लट् उ० पु० सक०) मैं देखता हूँ; मैं जानता हूँ।

इसके पश्चात् शब्दार्थों की बारी आती है। यह पहले ही कहा गया है कि इस शब्द-कोश में पंजाबी-भाषा से उन्हीं शब्दों का संचयन कर विश्लेषण किया गया है, जो पंजाबी तथा संस्कृत में अर्थ की दृष्टि से समान हैं। इस दृष्टि से संस्कृत-शब्दों के आगे जितने भी अर्थ दिये गये हैं, वे पंजाबी तथा संस्कृत—दोनों भाषाओं में समानार्थी हैं। हाँ, यह तथ्य पृथक् है कि यत्र-तत्र किसी-किसी शब्द का यदि संस्कृत में अर्थ-विस्तार हुआ है, तो पंजाबी में अर्थ-संकोच और यदि पंजाबी में अर्थ-विस्तार हुआ है तो संस्कृत में अर्थ-संकोच, पर मूलार्थ (अभिधार्थ) उभयत्र समान है। जहाँ एक ही शब्द के दो-तीन भिन्न अर्थ देने की आवश्यकता पड़ी है, वहाँ सेमीकोलन से उन भिन्न अर्थों को दिखलाया गया है। पर्याय देने पर अर्ध विराम (कॉमा) का प्रयोग किया गया है।

संस्कृत-शब्दों के आगे जितने भी अर्थ दिये गये हैं तथा उनको व्यक्त करने वाले शब्दों में जो भी शब्द ध्वनि-साम्य की दृष्टि से संस्कृत-शब्द के समीप है, उसको अर्थों की शृंखला में सर्वप्रथम स्थान दिया गया है। यथा, पंजाबी 'ਉਠਾਣ' के लिये संस्कृत 'उत्थान' के अर्थाभिव्यञ्जक शब्दों में 'उठान' ध्वनि की दृष्टि से संस्कृत 'उत्थान' के अधिक समीप है, 'उन्नति' आदि शब्द दूर चले गये हैं। अतएव 'उठान' को सबसे पहले रखा गया है। यही रीति सर्वत्र अपनायी गयी है।

प्रस्तुत कोश में कहीं-कहीं मुख्य शब्द (catch word) के ऊपर 1, 2, 3, या 4 की संख्याएँ दर्शायी गयी हैं। ऐसा विशेष स्थिति में ही करना पड़ा है। जब पंजाबी के एक या अनेक शब्द वर्तनी एवं उच्चारण की दृष्टि से तो समान रहे हैं, किन्तु अर्थ-भिन्नता के कारण उनका संस्कृत-मूल भी भिन्न रहे हों, तभी उनको इन संख्याओं से निर्दिष्ट करना पड़ा है। यथा—ਊਠ। पंजाबी में 'ਊਠ'— का विकास 'ऊँट' के अर्थ में संस्कृत के 'उष्ट्र' शब्द से हुआ है, किन्तु 'होंठ' के अर्थ में इसका संस्कृत-मूल 'ओष्ठ' है। अतएव संस्कृत-मूल की भिन्नता के कारण एक ही शब्द का उल्लेख कई बार करना पड़ा है।

व्यवस्था की दृष्टि से विचारणीय है शब्दों का क्रम। प्रस्तुत कोश में शब्दों का क्रम पंजाबी की वर्णमाला के क्रमानुसार रखा गया है। पंजाबी-वर्णमाला का क्रम इस प्रकार है—

स्वर

ਉ ਊ ਓ ਅ ਆ ਐ ਅ ਔ ਇ ਈ ਏ

व्यञ्जन

ਸ	ਸ	ਹ		
ਕ	ਖ	ਗ	ਘ	ਙ
ਚ	ਛ	ਜ	ਝ	ਞ
ਟ	ਠ	ਡ	ਢ	ਣ
ਤ	ਥ	ਦ	ਧ	ਨ
ਪ	ਫ	ਬ	ਭ	ਮ
ਯ	ਰ	ਲ	ੜ	

पंजाबी के स्वरादि शब्दों में सर्वप्रथम ੳ से आरंभ होने वाले शब्दों को रखा गया है, अनन्तर ਅ, ੲ आदि स्वरों से आरंभ होने वाले शब्दों को; क्योंकि पंजाबी की स्वर-माला में ੳ ही आदि स्वर है। इसी प्रकार व्यंजनादि शब्दों में सर्वप्रथम ਸ-ਹ से आरंभ होने वाले शब्दों को रखा गया है, बाद में ਕ, ਖ आदि व्यंजनों से आरंभ होने वाले शब्दों को; क्योंकि पंजाबी की व्यंजन-माला में सर्वप्रथम स्थान ਸ का ही है।

यहाँ ध्यातव्य है कि स्वर से प्रारम्भ होने वाले शब्दों का क्रम तो पंजाबी-वर्णमाला के स्वरों के क्रमानुसार ही रखा गया है, किन्तु व्यंजन के साथ संयुक्त होने पर स्वरों का क्रम देवनागरी वर्णमाला के स्वरों के क्रमानुसार रखा गया है। इस स्थिति में व्यंजन-संयुक्त स्वरों का क्रम होगा— ਸ, ਸਾ, ਸਿ··· ਸੰ। जो व्यंजन स्वर-रहित हैं, उनको सबसे अन्त में स्थान प्राप्त हुआ है। तात्पर्य है कि ਸ, ਸਾ, ਸਿ···· ਸੰ की समाप्ति के पश्चात् ही स्वर-रहित व्यंजन आये हैं। यथा—स्थ, स्न आदि। पंजाबी-भाषा के सुप्रसिद्ध कोश 'महान् कोश' में भी उपर्युक्त क्रम ही अपनाया गया है।

4. आभार (Gratitude)

कोश-निर्माण के इस दीर्घ अन्तराल में अनेक विद्वज्जनों का योगदान रहा है। हम सबके हृदय से आभारी हैं। उनमें कुछ लोगों का नामतः स्मरण करना हम अपना पावन कर्त्तव्य समझते हैं। इस क्रम में सर्वप्रथम उन शब्दकोशों अथवा शब्दावलियों के विद्वान् सम्पादकों एवं लेखकों के प्रति हम अपनी अखण्ड श्रद्धा अर्पित करते हैं, जिनसे हमने इस कोश में पंजाबी के शब्दों का संचयन किया है। इस प्रसङ्ग में शिक्षा-मन्त्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रकाशित 'हिन्दी वर्ड्स कामन टू अदर-इण्डियन लैंग्वेजेज' का हिन्दी-पंजाबी-प्रखण्ड, श्रीयुत आर० एल० टर्नर प्रणीत 'ए कम्परेटिव डिक्शनरी ऑफ इण्डो आर्यन लैंग्वेजेज, 'सबकी बोली', श्रीविश्वनाथ दिनकर नरवणे द्वारा रचित 'भारतीय व्यवहार-कोश,' भाई काह्न सिंह द्वारा सम्पादित 'महान् कोश,' भाषा-विभाग पटियाला का 'पंजाबी-हिन्दी कोश' तथा 'पंजाबी-इंग्लिश डिक्शनरी' विशेषतः उल्लेखनीय है। कोशों की शृङ्खला में स्व० चतुर्वेदी द्वारका प्रसाद शर्मा तथा पण्डित तारिणीश झा द्वारा सम्पादित 'संस्कृत-शब्दार्थ कौस्तुभ' तथा सर मोनियर विलियम द्वारा प्रणीत 'संस्कृत-इंग्लिश डिक्शनरी' एवं डा० हरदेव बाहरी का 'बृहद् अंग्रेजी-हिन्दी कोश' भी नितान्त उल्लेखनीय है, जिनसे अर्थों के निर्धारण एवं अनेकानेक शंकाओं के समाधान में प्रचुर सहायता प्राप्त हुई है। सिद्धान्त-ग्रन्थों में भट्टोजिदीक्षित द्वारा रचित 'सिद्धान्त कौमुदी' ने हमारी अनेकानेक गुत्थियाँ सुलझाई हैं।

क्षेत्रीय भाषाओं की शब्दावलियों के आधार पर विकसित पाठ्यक्रम द्वारा संस्कृत-शिक्षण की इस योजना की मूल संकल्पना एवं कार्यान्वयन का सम्पूर्ण श्रेय राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के तत्कालीन निदेशक एवं शिक्षा-मन्त्रालय, भारत सरकार के भाषा-निदेशक श्रीयुत केवल कृष्ण सेठी, आई० ए० एस० को जाता है, जिन्होंने न केवल यह योजना दी, अपितु भाषानुभाग द्वारा विकसित शब्द-पत्रों में उल्लिखित तथ्यों के प्रमाणन-हेतु गोष्ठी आयोजित करने की संस्वीकृति भी प्रदान की, जिसके अभाव में यह कोश सम्भवतः पूरा नहीं होता। जब तक संस्थान से उनका सम्बन्ध रहा, तब तक इस योजना के विषय में औपचारिक पत्राचार, दूरभाष अथवा अन्यान्य प्रकार से हमें उनकी प्रेरणा तथा उत्साह प्राप्त होता रहा। संस्थान से उनका औपचारिक सम्बन्ध छूट जाने पर भी अनौपचारिक रूप से इस योजना के सम्बन्ध में वे जिज्ञासा करते रहे। उनके प्रति आभार के टकसाली दो शब्द कहकर यदि मैं हृदय-संभार को कुछ कम करना चाहूँ, तो छल के अतिरिक्त कुछ नहीं होगा। उनके प्रति हमारी असीम श्रद्धा विनयावनत है।

पूर्वचर्चित गोष्ठीत्रय में मुख्य अतिथि तथा अध्यक्ष के रूप में पधारे गणमान्य विद्वानों एवं मनीषियों, जिनका नामतः उल्लेख हम पिछले पृष्ठों में कर आये हैं, का अनुग्रह हम हृदय से स्वीकार करते हैं, जिनका उद्बोधन तथा अनुप्रेरण-भाषण हमें सर्वदा अनुप्रेरित करता रहा और हम आगे बढ़ते रहे। इन गोष्ठियों में देश के कोने-कोने से प्रतिभागी के रूप में समागत विद्वज्जनों के अमूल्य परामर्श, सुझाव एवं सहयोग सदा-सदा स्मृत होते रहेंगे। इन सब के प्रति हम हार्दिक कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं। अस्थानीय प्रतिभागियों में पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़ के 'पंजाबी इंग्लिश डिक्शनरी विभाग' से पधारे शब्दकोश-विज्ञान के दो विशेषज्ञों—डा० ओम प्रकाश वशिष्ठ, रीडर तथा डा० अजमेर सिंह, प्रवक्ता का नामतः उल्लेख करना चाहूँगा, जिनके अमूल्य सुझाव एवं सहयोग से, वास्तव में, यह ग्रन्थ शब्दावली के धरातल से उन्नीत होकर कोश की समीपता का संस्पर्श कर सका है। इन विद्वानों ने पंजाबी-शब्दों के ध्वन्यङ्कन, बारम्बारता तथा लिङ्गादि-निर्धारण में पर्याप्त सहायता प्रदान की है। हम इनके आभार-भार से संकुचित रहने में ही गौरव का अनुभव करते हैं। अस्थानीय प्रतिभागियों में ही श्री विद्यानिधि पाण्डेय तथा श्री श्रीकृष्ण सेमवाल के नाम सहसा मानस-पटल पर आ जाते हैं, जिन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित प्रथम गोष्ठी के आयोजन में अनेकानेक निःस्वार्थ सेवाएँ अर्पित कीं। स्थानीय प्रतिभागियों में भाषा एवं शिक्षा के मर्मज्ञ श्रीमान् महावीर-प्रसाद लखेड़ा, जो अब संसार में नहीं है, का नाम भी निःसङ्कोच उल्लिखित करना चाहूँगा, जिनके औपचारिक-अनौपचारिक छोटे-बड़े सुझाव एवं अवदान इस कोश को अत्यन्त सहज भाव से निरन्तर प्राप्त होते रहे हैं। सौ पाठों में सौ शिक्षण-बिन्दुओं द्वारा संस्कृत-शिक्षण की कल्पना इन्हीं के मस्तिष्क की उद्भावना है। कोश एवं पाठ्यक्रम के प्रति स्व० लखेड़ा के समस्त अवदान के प्रति हम हृदय से आभारी हैं। स्थानीय व्यक्तियों में ही आदरणीय डा० हरदेव बाहरी के प्रति हम सप्रश्रयावनत हैं, जिन्होंने इस कोश की रूपरेखा तैयार करने तथा पंजाबी विद्वानों के नाम सुझाने में हमारी सहायता की है। इसी क्रम में खालसा इण्टर कालेज, इलाहाबाद की प्राध्यापिका श्रीमती अमरजीत कौर सोढ़ी साधुवादार्ह हैं, जिन्होंने पंजाबी-शब्दों के व्याकरण-सम्बन्धी बिन्दुओं का पुनरीक्षण अत्यन्त सहज भाव से सम्पन्न किया।

कोई भी योजना कुशल निर्देशन एवं उदार शासन के सद्भाव में ही समुचित परिणाम देती

है। अन्यथा 'विनायकं प्रकुर्वाणो रचयामास वानरम्' के समान हास्यास्पद हो जाती है। सौभाग्य से इस योजना को इस विद्यापीठ के विद्वान् प्राचार्य डा० गयाचरण त्रिपाठी के कुशल निर्देशन एवं उदार संरक्षण—दोनों ही निरन्तर प्राप्त होते रहे। डा० त्रिपाठी चूँकि पौरस्त्य एवं पाश्चात्य—अनेक भाषाओं के अधिकारी विद्वान् हैं और साथ ही भाषा-शास्त्र में इनकी गम्भीर पैठ भी है। अतएव इनके वैदुष्य का अनायास लाभ इस कोश को क्षण-क्षण मिला है। राजकीय बन्धन को जितना भी शिथिल किया जा सकता था, शिथिल करके उन्होंने इस कोश के निर्माण के लिये अवसर जुटाये हैं। उनके प्रति कृतज्ञता-ज्ञापन के दो शब्द कहकर इस सम्पूर्ण योजना के प्रति उनकी सहज आत्मीयता एवं भाषानुभाग के प्रति स्नेहसिक्त अनुग्रह का अवमूल्यन करने का दुःसाहस मुझमें नहीं है।

संस्थान के भूतपूर्व निदेशक आदरणीय डा० रामकरण शर्मा ने कोश-निर्माण में पदे-पदे प्रोत्साहन दिया है तथा वर्तमान निदेशक माननीय डा० मण्डन मिश्र ने इस कोश के प्रकाशन की संस्वीकृति अत्यन्त सहज भाव से प्रदान कर हमारा अत्यधिक उत्साह-वर्द्धन किया है। हम इन विद्वानों के प्रति सम्प्रश्रयावनत हैं।

स्व-स्व कर्म में निरत रहते हुए भी अपने सुहृद्वर सर्वश्री डा० किशोरनाथ झा प्रवाचक, डा० राघवप्रसाद चौधरी प्रवक्ता, डा० जगन्नाथ पाठक प्रवक्ता तथा सुश्री अर्चना चतुर्वेदी शोधसहायिका ने कोश के निर्माण में अनेक प्रकार की सेवाएं अर्पित की हैं। सम्प्रति डा० पाठक, रणवीर केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, जम्मू में प्राचार्य तथा डा० चौधरी शिक्षा-विभाग के अध्यक्ष हैं। हम इनके अत्यन्त आभारी हैं। पुस्तकालयीय नियमों को ढीला करके आवश्यकतानुसार कोश एवं सिद्धान्त-ग्रन्थों को उपलब्ध कराने के लिए सामान्यतया पुस्तकालय के समस्त कर्मचारी और विशेषतया श्री सूरजबहादुर वर्मा, श्री रामानन्द थपलियाल, श्री अनिलकुमार सिंह तथा श्री ज्ञानचन्द्र श्रीवास्तव धन्यवादार्ह हैं।

श्रम एवं सावधानी से कोश-मुद्रण-हेतु शाकुन्तल मुद्रणालय के प्रबन्धक श्री उपेन्द्र त्रिपाठी को धन्यवाद दिये बिना रह नहीं सकता।

भाषानुभाग
गंगानाथ झा केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ
चन्द्रशेखर आजाद पार्क, इलाहाबाद

शिवकुमार मिश्र
अध्यक्ष

संकेताक्षर-सूची

अ०	अव्यय
अक०	अकर्मक
आज्ञा०	आज्ञार्थक
ए०	एकवचन
उ०	उत्तम
कर्मवा०	कर्मवाच्य
क्रि०	क्रिया
द्र०	द्रष्टव्य
नपुं०	नपुंसकलिङ्ग
पु०	पुरुष
पुं०	पुल्लिङ्ग
प्र०	प्रथम
प्रेर०	प्रेरणार्थक
ब०	बहुवचन
भवि०	भविष्यत्
भाव०	भाववाच्य
भूत०	भूतकाल
भा० सं०	भाववाचक संज्ञा
म०	मध्यम
व०	वचन
वर्त०	वर्तमान
वि०	विशेषण
सक०	सकर्मक
सप्त०	सप्तम्यन्त
स्त्री०	स्त्रीलिङ्ग

पंजाबी-संस्कृत शब्दकोश

(PUNJABI-SANSKRIT GLOSSARY)

ੳ

ਉਆ[1] उआ Uā [1] सर्व०
अदस् >असौ (सर्व०) उस, वह शब्द की विकृति जिसका 'ने' 'को' इत्यादि विभक्ति के साथ ही प्रयोग होता है।

ਉਆ[2] उआ Uā [3] अ०
ओह (अ०) ओह, विस्मय या कष्ट अथवा विषाद सूचक शब्द।

ਉਇ उइ Ui [3] सर्व०
अदस् (सर्व०) वह, दूरस्थ व्यक्ति या वस्तु का बोधक शब्द।

ਉਈ उई Ui [3] अ०
ओह (अ०) ओह, पीड़ा-सूचक शब्द।

ਉਸ उस् Us [3] सर्व०
अदस् >असौ (सर्व०) वह, उसने, दूरस्थ व्यक्ति या वस्तु।

ਉਸਕਣਾ[1] उस्कणा Uskaṇā [3] अक० क्रि०
उच्छ्वसिति (अदादि अक०) उच्छ्वास लेना; उसाँस भरना, लम्बी साँसे लेना।

ਉਸਕਣਾ[2] उस्कणा Uskaṇā [3] अक० क्रि०
उत्कर्षति (भ्वादि अक०) उभरना, ऊपर उठना।

ਉਸਟ[1] उसट् Usaṭ [3] पुं०
उष्ट्र (पुं०) ऊँट।

ਉਸਟ[2] उसट् Usaṭ [3] पुं०
ओष्ठ (पुं०) ओठ, होठ।

ਉਸ਼ਟ उषट् Uṣaṭ [3] पुं०
उष्ट्र (पुं०) ऊँट।

ਉਸਟਨ उस्टन् Usṭan [3] पुं०
उत्सर्जन (उत्सृष्ट) (नपुं०) धोने का भाव, छाँटने का भाव; त्याग।

ਉਸਟਰ उस्टर् Usṭar [1] पुं०
द्र०—ਉਸਟ[1]।

ਉਸਟੰਡ[1] उस्टण्ड् Usṭaṇḍ [3] पुं०
उषितान्ध्य (नपुं०) अन्धेरे में बैठने की क्रिया या भाव; बिना विचारे किसी काम को करने का हठ; उपद्रव; निन्दा; झगड़ा।

ਉਸਟੰਡ[2] उस्टण्ड् Ustaṇḍ [3] वि०
उच्चण्ड (वि०) बड़ा क्रोधी ।

ਉਸਟ੍ਰ उसट्र Ustra [1] (पुं०)
द्र०—ਉਸਟ[1] ।

ਉਸਟ੍ਰੀ[1] उसट्री Ustrī [1] वि०
उष्ट्रीय (वि०) ऊँट से संबन्धित ।

ਉਸਟ੍ਰੀ[2] उसट्री Ustrī [1] स्त्री०
उष्ट्री (स्त्री०) ऊँटनी, ऊँट की मादा ।

ਉਸਤਤ उस्तत् Ustat [3] स्त्री०
स्तुति (स्त्री०) स्तुति; प्रशंसा, तारीफ ।

ਉਸਤਤਿ उस्तति Ustati [3] स्त्री०
द्र०—ਉਸਤਤ ।

ਉਸਤਤਿਵ੍ਯਾਜਨਿੰਦਾ उस्ततिव्याज्निन्दा Ustativyājnindā [3] स्त्री०
स्तुतिव्याजनिन्दा (स्त्री०) बड़ाई के बहाने निन्दा करना; एक अर्थालङ्कार ।

ਉਸਤਰਾ उस्तरा Ustarā [3] पुं०
क्षुर (उत्क्षुर ?) (पुं०) छुरा, उस्तरा ।

ਉਸਤੁਰ उस्तुर् Ustur [1] पुं०
द्र०—ਉਸਟ[1] ।

ਉਸਤੋਤ੍ਰ उस्तोत्र् Ustotr [2] पुं०
स्तोत्र (नपुं०) स्तोत्र; स्तुतिवाक्य, तारीफ ।

ਉਸਨ उसन् Usan [1] वि०/पुं०
उष्ण (वि० / पुं०) वि०—उष्ण, गरम; फुर्तीला। पुं०—ग्रीष्मऋतु; नरक विशेष; अग्नि; सूर्य ।

ਉਸਨਕ उस्नक् Usnak [1] वि०
उष्णक (वि०) फुर्तीला; चालाक; तापक, गर्म करने वाला ।

ਉਸਨਤਾਪ उसन्ताप् Usantāp [3] पुं०
उष्णताप (पुं०) पित्तज्वर; पित्तविकार; गर्मी से होने वाला ताप ।

ਉਸਨਾ उस्ना Usnā [2] पुं०/क्रि० वि०
उशनस् (पुं०/क्रि० वि०) पुं०-शुक्र, दैत्यों के गुरु। क्रि० वि०—प्रसन्नतापूर्वक; तत्काल ।

ਉਸਨੀਸ उस्नीस् Usnīs [1] पुं०
उष्णीष (पुं०) जो सिर को गर्मी से बचावे, पगड़ी; ताज, मुकुट ।

ਉਸਨੀਕ उस्नीक् Usnīk [1] पुं०
द्र०—ਉਸਨੀਸ ।

ਉਸਰਨਾ उसर्ना Usarnā [3] अक० क्रि०
उत्सरति (भ्वादि अक०) ऊपर चढ़ना, उठना; हटना ।

ਉਸਾਸ उसास् Usās [3] पुं०
उच्छ्वास (पुं०) उच्छ्वास, ऊपर को खींची हुई लम्बी साँस ।

ਉਸਾਸਾ उसासा Usāsā [3] पुं०
द्र०—ਉਸਾਸ ।

ਉਸਾਹ उसाह् Usāh [1] पुं०
उत्साह (पुं०) उत्साह, हौसला; हिम्मत ।

ਉਸਾਹੀ उसाही Usāhī [1] वि०
उत्साहिन् (वि०) उत्साही; हिम्मतवाला; उद्यमी ।

ਉਸਾਣ उसाण् Usaṇ [1] पुं०
अवसान (नपुं०) अवसान, अन्त ।

ਉਸਾਰ उसार् Usār [2] पुं०
उशीर (पु०, नपु०) खस ।

ਉਸਾਰਣ उसारण् Usāraṇ [1] पुं०
उत्सर्जन (नपुं०) बनाने या रचने का भाव ।

ਉਸਾਰਣਾ उसारणा Usārṇā [3] पुं०
द्र०—ਉਸਾਰਣ ।

ਉਸਾਰੂ उसारू Usārū [3] वि०
उत्सर्जक (वि०) बनानेवाला, रचयिता ।

ਉਸ਼ੀਨਰ उशीनर् Uśīnar [3] पुं०
उशीनर (पु०) गांधार देश; राजा शिवि के पिता ।

ਉਸ਼ੀਰ उशीर् Uśīr [2] पुं०
उशीर (नपुं०) खस, पन्ही की जड़ ।

ਉਸੇਸ उसेस् Uses [3] पुं०
उच्छ्वास (पुं०) ठंडी साँस ।

ਉਸੇਨਾ उसेना Usenā [1] सक० क्रि०
उष्णयति (नामधातु सक०) उष्ण करना, तपाना; सेंकना; रीन्हना; उबालना ।

ਉਸ਼ੇਰ उशेर् Uśer [3] स्त्री०
उषोवेला (स्त्री०) उषवेल > उषेल > उशेर् । उषा काल, सवेरा ।

ਉਸ਼ਟ੍ਰ उष्ट्र Uṣṭra [1] पुं०
द्र०—ਉਸਟ[1] ।

ਉਸਤੁਤਿ उस्तति Ustati [1] स्त्री०
द्र०—ਉਸਤਤ ।

ਉਹ[1] उह् Uh [3] सर्व०
अदस् >असौ (सर्व० प्रथमान्त) वह, दूरस्थ व्यक्ति या वस्तु ।

ਉਹ[2] उह् Uh [3] अ०
उह/ओह (अ०) ओह; आह; संबोधन बोधक शब्द ।

ਉਹਾਂ उहाँ Uhā̃ [3] सर्व०
तत्स्थाने (सर्व० सप्तम्यन्त) वहाँ, उस स्थान पर ।

ਉਹੀਂ उहीं Uhī̃ [2] सर्व०
द्र०—ਉਹਾਂ ।

ਉਕਸਣਾ उक्सणा Uksaṇā [2] अक० क्रि०
उत्कर्षति (भ्वादि अक०) क्रुद्ध होना, उत्तेजित होना, भड़कना; ऊपर उठना ।

ਉਕਸਨਾ उक्सना Uksanā [1] अक० क्रि०
द्र०—ਉਕਸਣਾ ।

ਉਕਸਾਉਟ उक्साउट् Uksauṭ [3] पुं०
उत्कर्षण (नपुं०) उकसाने अथवा भड़काने का भाव ।

ਉਕਸਾਉਣਾ उक्साउणा Uksauṇā [3] प्रेर० क्रि०
उत्कर्षयति (भ्वादि प्रेर०) उकसाना, भड़काना ।

ਉਕਸਾਵਟ उक्सावट् Uksāvaṭ [2] पुं०
द्र०—ਉਕਸਾਉਟ ।

ਉਕਤ[1] उकत् Ukat [3] स्त्री०
युक्ति (स्त्री०) युक्ति, उपाय ।

ਉਕਤ[2] उक्त् Ukt [3] वि०
उक्त (वि०) कहा हुआ, कथित ।

ਉਕਤ[3] उकत् Ukat [3] पुं०
उक्थ (पुं०) प्राण, जीव ।

ਉਕਤ[4] उक्त् Ukt [3] पुं०
उक्त (नपुं०) कथन, बयान ।

ਉਕਤਾ उक्ता Ukta [1] पुं०
वक्तृ (वि०) वक्ता, कहने वाला; कवि ।

ਉਕਤਾਉਣਾ उक्ताउणा Uktauṇa [3] अक० क्रि०
उत्क्वथति (भ्वादि अक०) उकताना, उद्विग्न होना ।

ਉਕਤਿ[1] उकति Ukati [3] स्त्री०
उक्ति (स्त्री०) कथन, वचन; उक्ति-वैचित्र्य ।

ਉਕਤਿ[2] उक्ति Ukti [2] स्त्री०
उक्ति (स्त्री०) दलील, तर्क ।

ਉਕਤਿਬਿਲਾਸ उक्तिबिलास् Uktibilas [2] पुं०
उक्तिविलास (पुं०) कथन का चमत्कार, मनोहर उक्ति ।

ਉਕਤਿਵਿਲਾਸ उक्तिविलास् Uktivilas [2] पुं०
द्र०—ਉਕਤਿਬਿਲਾਸ ।

ਉਕਥ उकथ् Ukath [1] पुं०
द्र०—ਉਕਤ[3] ।

ਉਕੱਥ उकत्थ् Ukatth [1] पुं०
उक्ति (स्त्री०) उक्ति; लोकोक्ति, कहावत ।

ਉਕਰਣਾ उकर्णा Ukarṇa [3] सक० क्रि०
उत्कृन्तति (तुदादि सक०) कुतरना, काटना, टुकड़े करना ।

ਉਕਰਨਾ उकर्ना Ukarna [1] सक० क्रि०
द्र०—ਉਕਰਣਾ ।

ਉਕਲੇਦ उक्लेद् Ukled [3] पुं०
उत्क्लेद (पुं०) वमन, उल्टी ।

ਉਕੜੂ उक्ड़ू Ukṛū [3] पुं०
उत्कुटक (पुं०) बैठना या टेढ़े बैठने का भाव ।

ਉਕਾਉਣਾ उकाउणा Ukauṇa [3] सक० क्रि०
उत्क्राम्यति (भ्वादि सक०) भुलावे में डालना, बहकाना ।

ਉਕਾਸਣਾ[1] उकास्णा Ukasṇa [2] सक० क्रि०
उत्कासयति (चुरादि सक०) परावर्तित करना, लौटाना ।

ਉਕਾਸਣਾ[2] उकास्णा Ukasṇa [3] अक० क्रि०
द्र०—ਉਕਸਣਾ ।

ਉਕਾਸਨਾ उकास्ना Ukasna [2] सक० क्रि०
द्र० ਉਕਸਣਾ ।

ਉਕੇਰਾ उकेरा Ukera [3] पुं०
उत्किर (पुं०) उत्कीर्ण करनेवाला, नक्काशी करने वाला; खोदने वाला ।

ਉੱਕਣਾ उक्कणा Ukkaṇa [2] अक० क्रि०
उत्क्रामति (भ्वादि अक०) भूल करना, चूकना ।

ਉੱਕਰਨਾ उक्कर्ना Ukkarna [3] सक० क्रि०
उत्किरति (भ्वादि अक०) उत्कीर्ण करना, खोदना, उकेरना ।

ਉਖਲ उखल् Ukhal [3] स्त्री०
उलूखल (पुं०) ऊखल, ओखली ।

ਉਖਲੀ उख्ली Ukhli [3] स्त्री०
उलूखली (स्त्री०) छोटी ऊखल ।

ਉਖੱਲਣਾ उखल्लणा Ukhallaṇa [1] सक० क्रि०
उत्खुरति (तुदादि सक०) चमड़ा उतारना, उधेड़ना ।

ਉੱਖਣ उक्खण् Ukkhaṇ [1] सक० क्रि०
उत्खनन (नपुं०) खनने या खोदने का भाव ।

ਉੱਖਣਨਾ उक्खण्ना Ukkhanna [3] सक० क्रि०
उत्खनति (भ्वादि सक०) खोदना, नक्कासी करना ।

ਉੱਖਲ उक्खल् Ukkhal [3] पुं०
उलूखल (पुं०) ऊखल, ओखली ।

ਉੱਖਲੀ उक्खली Ukkhli [3] स्त्री०
उलूखली (स्त्री०) छोटी ऊखल, ओखली ।

ਉਗਮਣਾ उगम्णा Ugamṇa [3] अक० क्रि०
उद्गच्छति (भ्वादि अक०) सूर्य का उगना; उछलना; प्रवेश करना ।

ਉਂਗਰਨਾ उंगर्ना Ungarna [1] सक० क्रि
अङ्कुरयति (चुरादि अक०) अंकुरित होना, उगना ।

ਉਗਰਾਹ । उग्राहा Ugraha [3] पुं०
उद्ग्राहक (पुं०) कर-संग्राहक, टैक्स वसूलने वाला ।

ਉਗਰਾਹੀ उग्राही Ugrahi स्त्री०
उद्ग्राह (पुं०) उगाही, वसूली; इकट्ठी की हुई चन्दा आदि राशि ।

ਉਗਰਾਹੀਆ उग्राह्या Ugrahya [3] पुं०
उद्ग्राहिन् (वि०) उगाही करने वाला वसूली करने वाला ।

ਉਗਰਾਹੁਣਾ उग्राहुणा Ugrahuṇa [3] सक० क्रि०
उद्गृह्णाति (क्र्यादि सक०) उगाहना, वसूली करना, इकट्ठा करना ।

ਉਂਗਲ उंगल् Ungal [3] स्त्री०
अङ्गुलि (स्त्री०) अँगुली ।

ਉਗਲਣਾ उगल्णा Ugalṇa [3] सक० क्रि०
उद्गिलति (तुदादि सक०) उगलना, मुँह से बाहर करना ।

ਉਗਲਨਾ उगल्ना Ugalna [1] सक० क्रि०
द्र०—ਉਗਲਣਾ ।

ਉਂਗਲੀ उंग्ली Ungli [1] (स्त्री०)
अङ्गुलि (स्त्री०) अंगुली, ऊँगली ।

ਉਗਵਣ उग्वण् Ugvaṇ [1] **पुं०**
उद्गमन (नपुं०) उगना, अंकुरित होने का भाव।

ਉਗਵਨ उग्वन् Ugvan [1] **पुं०**
द्र०— ਉਗਵਣ।

ਉਗਾਹ उगाह् Ugāh [1] **पुं०**
उद्ग्राह (पुं०) उगाहने अथवा उठाने का भाव, प्रत्युत्तर; प्रतिवाद।

ਉਗਾਹਣਾ उगाह्णा Ugāhṇā [3] **सक० क्रि०**
उद्गृह्णाति (क्र्यादि० सक०) उगाहना, वसूल करना, जमा करना, इकट्ठा करना।

ਉਗਾਲ उगाल् Ugāl [3] **पुं०**
उद्गार (पुं०) जुगाली, पशुओं के चबाने और झाग निकालने का भाव।

ਉਗਾਲਣਾ उगाल्णा Ugālṇā [3]
सक०/अक० क्रि०
उद्गिलति (तुदादि सक०/अ०) उगलना, वमन करना; थूकना।

ਉਗੂਰ उगूर् Ugūr [1] **पुं०**
अङ्कुर (नपुं०) अङ्कुर, अंखुआ।

ਉੱਗਣਾ उग्ग्णा Uggṇā [3] **अक० क्रि०**
उद्गच्छति (भ्वादि अक०) उगना, अंकुरित होना, उत्पन्न होना।

ਉੱਗਰਣ उग्गरण् Uggaraṇ [3] **पुं०**
उद्गिरण (नपुं०) उगलने या उल्टी करने का भाव, वमन।

ਉੱਗਰਨਾ उग्गर्ना, Uggarnā [3] **सक० क्रि०**
उद्गुरते (तुदादि सक०) ऊपर उठाना।

ਉਗ੍ਰ उग्र् Ugr [3] **वि०**
उग्र (वि०) उग्र, घोर, विकराल।

ਉਗ੍ਰਸੇਣ उग्रसेण् Ugraseṇ [3] **पुं०**
द्र०—ਉਗ੍ਰਸੇਨ।

ਉਗ੍ਰਸੇਨ उग्रसेन् Ugrasen [3] **पुं०**
उग्रसेन (पुं०) उग्रसेन नाम का मथुरा का राजा, जो कंस का पिता था।

ਉਗ੍ਰਸੈਨ उग्रसैन् Ugrasain [3] **पुं०**
द्र०—ਉਗ੍ਰਸੇਨ।

ਉਗ੍ਰਕਰਮਾ उग्रकर्मा Ugrakarmā [3] **वि०**
उग्रकर्मन् (वि०) भयंकर कर्म करने वाला, दयाहीन, बेरहम।

ਉਗ੍ਰਧਨਯਾ उग्रधन्या Ugradhanyā [1] **वि०**
द्र०— ਉਗ੍ਰਧਨ੍ਵਾ।

ਉਗ੍ਰਧਨ੍ਵਾ उग्रधन्वा Ugradhanvā [2] **वि०**
उग्रधन्वन् (वि०/पुं०) त्रि०—उग्र (विशाल) धनुष रखने वाला। पुं०—इन्द्र; शिव।

ਉਗ੍ਰਧਨ੍ਵੀ उग्रधन्वी Ugradhanvī [2] **वि०**
द्र०—ਉਗ੍ਰਧਨ੍ਵਾ।

ਉਗ੍ਰਾ उग्रा Ugrā [2] **स्त्री०/वि०**
उग्रा (स्त्री०/वि०) स्त्री०—काली देवी, कालिका। वि०—क्रोधवाली स्त्री।

ਉਗ੍ਰਾਯੁਧ उग्रायुध् Ugrāyudh [3] पुं॰
उग्रायुध (नपुं॰/पुं॰) नपुं॰—एक भयानक तेज शस्त्र। पुं॰—एक प्रतापी राजा।

ਉਗ੍ਰੇਸ਼ उग्रेश् Ugreś [2] पुं॰
उग्रेश (पुं॰) उग्रा (काली) का स्वामी अर्थात् भगवान् शिव।

ਉਘਟਤ उघ्टत् Ughṭat [1] वि॰
उद्घटित (वि॰) घटित, उत्पन्न।

ਉਘਟਨ उघटन् Ughaṭan [1] पुं॰
उद्घाटन (नपुं॰) उद्घाटन; प्रकट करने का भाव।

ਉਘਟਨਾ[1] उघट्ना Ughaṭnā [1] सक॰ क्रि॰
उद्घाटयति (चुरादि सक॰) उद्घाटन करना, प्रकट करना।

ਉਘਟਨਾ[2] उघट्ना Ughaṭnā [1] सक॰ क्रि॰
उद्घटयति (चुरादि सक॰) रचना, बनाना।

ਉਘਰਨਾ उघर्ना Ugharnā [3] अक॰ क्रि॰
उद्घटते (भ्वादि अक॰) उघाड़ होना, प्रकट होना।

ਉਘੜ-ਦੁਘੜਾ उघड़् - दुघ्ड़ा
Ughaṛ-Dughṛā [2] वि॰
दुर्घट (वि॰) ऊबड़-खाबड़; विषम; अस्त-व्यस्त।

ਉਘੜਵਾਉਣਾ उघड़्वाउणा Ughaṛvāuṇā [3] प्रेर॰ क्रि॰
उद्घाटयति (चुरादि प्रेर॰) उघड़वाना, खोलवाना, अनावृत कराना।

ਉਘਾੜ उघाड़् Ughāṛ [3] पुं॰
उद्घाट (पुं॰) उघाड़, प्रकट होने का भाव।

ਉਘਾੜਨਾ उघाड़्ना Ughāṛnā [3] सक॰ क्रि॰
उद्घाटयति (चुरादि सक॰) उघाड़ना, पर्दा हटाना; नंगा करना; दिखाना।

ਉਘਾੜਾ उघाड़ा Ughāṛā [3] पुं॰
उद्घाटन (नपुं॰) उद्घाटन; नग्नता; दिखलाने का भाव।

ਉਘੇੜਨਾ उघेड़्ना Ugheṛnā [3] सक॰ क्रि॰
द्र॰—ਉਘਾੜਨਾ।

ਉੱਘੜਨਾ उग्घड़्ना Ugghaṛnā [3] अक॰ क्रि॰
उद्घटते (भ्वादि अक॰) उघड़ना; प्रकट होना।

ਉਚਕਨਾ उचक्ना Ucaknā [2] अक॰ क्रि॰
उच्चटति (भ्वादि अक॰) उदासीन होना, मन का उखड़ना।

ਉਚਟ उचट् Ucaṭ [2] स्त्री॰
उच्चाट (पुं॰) उदासीनता, उदासी, मन के उखड़ने का भाव।

ਉਚਟਨਾ उचट्ना Ucaṭnā [3] अक॰ क्रि॰
उच्चटति (भ्वादि अक॰) मन का उदास होना, विरक्त होना।

ਉਚਰਣ उच्‌रण् Ucraṇ [1] पुं०
उच्चारण (नपुं०) उच्चारण, कथन, बोलने का भाव।

ਉਚਰਣਾ उचर्‌णा Ucarṇā [3] सक० क्रि०
द्र०—ਉਚਰਨਾ।

ਉਚਰਨਾ[1] उचर्‌ना Ucarnā [3] सक० क्रि०
उच्चारयति (चुरादि सक०) उच्चारण करना, कहना, बोलना।

ਉਚਰਨਾ[2] उचर्‌ना Ucarnā [2] सक० क्रि०
(उद्)चरति (भ्वादि सक०) चरना, भक्षण करना।

ਉਚਵਾਉਣਾ उच्‌वाउणा Ucvāuṇā [2] सक० क्रि०
उच्चयते (भ्वादि सक०) ऊँचा ले जाना, उठाना।

ਉਚਵਾਣਾ उच्‌वाना Ucvāṇā [2] सक० क्रि०
द्र०—ਉਚਵਾਉਣਾ।

ਉਚੜਨਾ उचड़्‌ना Ucaṛnā [3] अक० क्रि०
उच्चटति (भ्वादि अक०) मन का उदास होना, विरक्त होना।

ਉਚੜਾ उच्‌ड़ा Ucṛā [1] पुं०
द्र०—ਉਚਾਟ।

ਉਚੜੀ उच्‌ड़ी Ucṛī [1] स्त्री०
द्र०—ਉਚਾਟ।

ਉਚਾਉਣਾ उचाउणा Ucāuṇā [3] सक० क्रि०
द्र०—ਉਚਵਾਉਣਾ।

ਉਚਾਈ उचाई Ucāī [3] स्त्री०
उच्चता (स्त्री०) ऊँचाई, उन्नत होने का भाव।

ਉਚਾਟ उचाट् Ucāṭ [3] पुं०
उच्चाट (पुं०) उदासीनता, उदासी, उचाट।

ਉਚਾਟਨ उचाटन् Ucāṭan [3] पुं०
उच्चाटन (नपुं०) उच्चाटन, मन का उदासीन होना; उखड़ने का भाव।

ਉਚਾਣ उचाण् Ucāṇ [3] पुं०
उच्चस्थान (नपुं०) ऊँचा स्थान, ऊँचाई।

ਉਚਾਨ उचान् Ucān [1] पुं०
द्र०—ਉਚਾਣ।

ਉਚਾਰਣ उचारण् Ucāraṇ [3] पुं०
उच्चारण (नपुं०) उच्चारण, कथन, बोलने का भाव।

ਉਚਾਰਨ उचारन् Ucāran [3] पुं०
द्र०—ਉਚਾਰਣ।

ਉਚਾਰਾ उचारा Ucārā [3] वि०
उच्चारित (वि०) कथित, कहा हुआ।

ਉਚਾਲਾ उचाला Ucālā [2] वि०
उच्चालित (वि०) चलाया हुआ, नष्ट किया हुआ।

ਉਚਾਵੱਚ उचावच्च् Ucāvacc [1] वि०
उच्चावच (वि०) ऊँच-नीच, सम-विषम; भला-बुरा ।

ਉਚਿਸਟ उचिसट् Ucisaṭ [1] वि०
द्र०—ਉਛਿਸਟ ।

ਉਚਿਤ उचित् Ucit [3] वि०
उचित (वि०) उचित, समीचीन; योग्य ।

ਉਚਿਤਾ उचिता Ucita [2] स्त्री०
उचितता (स्त्री०) औचित्य; योग्यता ।

ਗੋਬੰਸ਼ गोबंश् Gobanś [3] पुं०
गोवंश (पुं०) गोवंश, गायों का वंश।

ਗੋਭੀ गोभी Gobhī [3] स्त्री०
गोजिह्विका (स्त्री०) गोभी, सब्जी-विशेष।

ਗੋਰਖ गोरख् Gorakh [3] पुं०
गोरक्षक (पुं०) पृथ्वीपालक; इन्द्रियों का रक्षक आत्मा।

ਗੋਰਾ गोरा Gorā [3] पुं०
गौर (वि०/पुं०) वि०—गोरा, गौर वर्ण वाला। पुं०—गौर वर्ण।

ਗੋਰੋਚਨ गोरोचन् Gorocan [3] पुं०
गोरोचना (स्त्री०) गोरोचन, एक सुगन्धित पदार्थ जिसका मस्तक व शरीर में लेप किया जाता है।

ਗੋਲ[1] गोल् Gol [3] पुं०
गोल (पुं०) गोल, आवृत्त, घेरा।

ਗੋਲ[2] गोल् Gol [1] पुं०
गोकुल (नपुं०) गोशाला, गोष्ठ।

ਗੋਲਕ गोलक् Golak [3] पुं०
गोलक (पुं०, नपुं०) गुल्लक, एक प्रकार की पेटी जिसमें रुपये-पैसे रखे जाते हैं।

ਗੋਲਾ गोला Golā [3] पुं०
गोल (पुं०) गेंद, कन्दुक; गोला; गोल वस्तु।

ਗੋਲੀ गोली Golī [3] स्त्री०
गुलिका (स्त्री०) बच्चों के खेलने की गोली या औषध की गोली।

ਗ ਲਾ गोल्ला Golla [3] पुं०
गोलक (पुं०) राजाओं से दासियों में उत्पन्न पुत्र—गोला।

ਗੌਣ गौण् Gauṇ [3] वि०
गौण (वि०) गौण, अप्रधान।

ਗੌਰਜਾਂ गौर्जाँ Gaurjā̃ [3] स्त्री०
गिरिजा (स्त्री०) गिरिजा, पार्वती।

ਗੌਰਵ गौरव् Gaurav [3] पुं०
गौरव (नपुं०) गौरव; यश; महत्त्व।

ਗੌਰਾ गौरा Gaura [3] वि०
गह्वर (वि०) विशाल, महान्।

ਗੌਰਾਂ गौराँ Gaurā̃ [3] स्त्री०
गौरी (स्त्री०) गौरी, पार्वती।

ਗੌੜ गौड़् Gauṛ [3] पुं०/वि०
गौड (पुं०/वि०) पुं०—पूर्व बंगाल और उड़ीसा के मध्य का देश; ब्राह्मणों का एक वर्ग। वि०—गुड़ से निर्मित खाद्य पदार्थ।

ਗੌੜੀ गौड़ी Gauṛī [3] स्त्री०
गौडिकी (स्त्री०) गुड़ की शराब।

ਗੰਗਾਜਲੀ गंगाज्ली Gangajlī [3] स्त्री०
गङ्गाजलिन् (वि०) गंगाजल से भरा पात्र-विशेष।

ਗੰਗਾਤਾ गंगाता Gangata [1] पुं०
गङ्गायात्रा (स्त्री०) स्नान के लिये की जाने वाली तीर्थ-यात्रा।

ਗੰਜ गञ् Ganj [3] पुं०
गञ्ज (पुं०) खान, खजाना, भण्डार, ढेर; गाँजने का भाव।

ਗੰਠੀਆ गँठिआ Gāṭhia [3] पुं०
ग्रन्थिका/ग्रन्थिवात (स्त्री०/पुं०) ग्रन्थि; गँठिया रोग।

ਗੰਡਕਾ गण्ड्का Gaṇḍka [3] स्त्री०
गण्डिका/गण्डकी (स्त्री०) गण्डकी या नारायणी नदी जो उत्तर-प्रदेश और बिहार प्रान्त की सीमा पर बहती है।

ਗੰਡਾ गण्डा Gaṇḍa [3] पुं०
गण्डक (पुं०) चार कौड़ी का एक सिक्का; गँडा; चिह्न; विघ्न।

ਗੰਡੋਆ गँडोआ Gāḍoa [3] पुं०
गण्डुपद (पुं०) केंचुआ, एक बरसाती घिनौना लम्बा कीड़ा।

ਗੰਢ गण्ढ् Gaṇḍh [3] स्त्री०
ग्रन्थि (पुं०) गाँठ, जोड़।

ਗੰਢਣਾ गण्ढ्णा Gaṇḍhṇa [3] सक० क्रि०
ग्रन्थयति (चुरादि सक०) बाँधना, जोड़ना, गाँठ लगाना।

ਗੰਢੀ गण्ढी Gaṇḍhī [3] स्त्री०
ग्रन्थि (स्त्री०) गाँठ, बन्धन, जोड़।

ਗੰਦਕ गन्दक् Gandak [1] पुं०
द्र०—दीपक।

ਗੰਧ गन्ध् Gandh [3] स्त्री०
गन्ध (पुं०) सुगन्ध, बास, महक।

ਗੰਧਕ गन्धक Gandhak [3] **पुं०**
गन्धक (पुं०) गन्धक नाम का द्रव्य जो औषध आदि में प्रयुक्त होता है।

ਗੰਧਰਕ गन्धरक् Gandharak [1] **पुं०**
द्र०—ਗੰਧਕ।

ਗੰਭੀਰ गंभीर् Gambhīr [3] **वि०**
गम्भीर (वि०) गम्भीर, गहिरा।

ਗੰਭੀਰਤਾ गम्भीर्ता Gambhīrtā [3] **स्त्री०**
गम्भीरता (स्त्री०) गम्भीरता, गहराई, गाम्भीर्य।

ਗ੍ਰਸਣਾ ग्रस्णा Grasṇā [3] **सक० क्रि०**
ग्रसते (भ्वादि सक०) जोर से पकड़ना, ग्रसना; निगलना।

ਗ੍ਰਸਤ ग्रसत् Grasat [3] **वि०**
ग्रस्त (वि०) ग्रस्त; निगला हुआ; अधीन, वशीभूत।

ਗ੍ਰਹ ग्रह् Grah [3] **पुं०**
गृह (नपुं०, ब० व० में पुं०) गृह, घर।

ਗ੍ਰਹਿ[1] ग्रह् Grah [3] **पुं०**
गृह (नपुं०) गृह, घर।

ਗ੍ਰਹਿ[2] ग्रैह् Graih [3] **पुं०**
ग्रह (पुं०) ग्रह; नक्षत्र।

ਗ੍ਰਹਿਸਥ ग्रैह्सथ् Graihsath [3] **पुं०**
गृहस्थ (पुं०) घर में रहने वाला, घरबारी पुरुष; गृहस्थाश्रम।

ਗ੍ਰਹਿਸਥੀ ग्रैह्स्थी Graihsthī [3] **पुं०**
गृहस्थिन् (वि०) गृहस्थाश्रम में रहने वाला, घरबारी पुरुष।

ਗ੍ਰਹਿਣ ग्रहिण् Grahiṇ [3] **पुं०**
ग्रहण (नपुं०) ग्रहण; धारण, पकड़।

ਗ੍ਰਹਿਣੀ ग्रैह्णी Graihṇī [3] **स्त्री०**
गृहिणी (स्त्री०) गृहिणी, पत्नी।

ਗ੍ਰਹੀਤ ग्रहीत् Grahīt [3] **वि०**
गृहीत (वि०) ग्रहण किया हुआ, लिया हुआ; पकड़ा हुआ; ज्ञात।

ਗ੍ਰਾਸ ग्रास् Grās [3] **स्त्री०**
ग्रास (पुं०) ग्रास, गास, कवल, कौर।

ਗ੍ਰਾਹੀ ग्राही Grāhī [3] **स्त्री०**
ग्रास (पुं०) गास, कवल, मुँह भर।

ਗ੍ਰਿਹਸਥੀ ग्रैह्स्थी Graihsthī [3] **पुं०**
गार्हस्थ्य (नपुं०) गृहस्थी, गृहस्थ का कार्य या भाव, घर का काम-काज।

ਗ੍ਰੀਖਮ ग्रीखम् Grīkham [3] **स्त्री०**
ग्रीष्म (पुं०) ग्रीष्म-ऋतु, गर्मी का मौसम।

ਘ

ਘਸਣ घसण् Ghasaṇ [3] **पुं०**
घर्षण (नपुं०) घिसने का भाव, रगड़; टकराहट।

ਘਸਣਾ घस्णा Ghasṇā [3] **सक० क्रि०**
घर्षति (भ्वादि सक०) घिसना, रगड़ना; पीसना।

ਘਸਮਰ घसमर Ghasmar [3] **वि०**
घस्मर (वि०) खाऊ, पेटू, भक्षणशील ।

ਘਸਵੱਟੀ घस्वट्टी Ghasvaṭṭī [1] **स्त्री०**
कषपट्टी (स्त्री०) कसौटी, पत्थर जिसपर घिसकर सोने की परख की जाती है ।

ਘਸਾਉਣਾ घसाउणा Ghasāuṇā [3] **सक० क्रि०**
कर्षति (भ्वादि सक०) घिसना, रगड़ना ।

ਘਸੀਟਣਾ घसीट्णा Ghasīṭṇā [3] **सक० क्रि०**
घर्षति (भ्वादि सक०) घसीटना या घिसना, रगड़ना ।

ਘੱਸਾ घस्सा Ghassā [3] **पुं०**
घर्ष (पुं०) घर्षण, रगड़ ।

ਘਗਰਾ घग्रा Ghagrā [3] **पुं०**
घर्घरी (स्त्री०) बड़ी घगरी, घागरा, लहँगा ।

ਘਗਰੀ घग्री Ghagrī [3] **स्त्री०**
घर्घरी (स्त्री०) घगरी, स्त्रियों का लहँगा ।

ਘੱਗਰ घग्गर् Ghaggar [2] **स्त्री०**
दृषद्वती (स्त्री०) घग्गर, पंजाब देश की एक नदी ।

ਘੱਗਰਾ घग्ग्रा Ghaggrā [3] **पुं०**
घर्घरी (स्त्री०) घघरा, लहंगा ।

ਘੱਗਰੀ घग्ग्री Ghaggrī [3] **स्त्री०**
घर्घरी (स्त्री०) घघरी, लहँगा; पेटीकोट ।

ਘਟ घट Ghaṭ [3] **पु०**
घटी (स्त्री०) घड़ी ।

ਘਟਣਾ[1] घट्णा Ghaṭṇā [3] **अक० क्रि०**
घर्षति (भ्वादि अक०) कम होना, न्यून होना; घिसना ।

ਘਟਣਾ[2] घट्णा Ghaṭṇā [3] **अक० क्रि०**
घटते (भ्वादि अक०) घटित होना ।

ਘਟਨਾ घट्ना Ghaṭnā [3] **स्त्री०**
घटना (स्त्री०) घटना; रचना; जोड़ ।

ਘਟਾ घटा Ghaṭā [3] **स्त्री०**
घटा (स्त्री०) घटा, बादल ।

ਘਟਾਉਣਾ घटाउणा Ghaṭāuṇā [3] **सक० क्रि०**
घर्षयति (भ्वादि प्रेर०) कम करना, न्यून करना ।

ਘਣ घण् Ghaṇ [3] **पुं०**
घन (पुं०) हथौड़ा, घन ।

ਘਣਾ घणा Ghaṇā [3] **पुं०**
घन (वि०) घना, गहन; अधिक ।

ਘੱਤਣਾ घत्त्णा Ghattṇā [3] **अक०/सक० क्रि०**
धारयति (चुरादि प्रेर०) टपकना; टपकाना; ढालना; डालना ।

ਘਨੇਰਾ घनेरा Ghanerā [3] **वि०**
घनतर (वि०) अधिक; अधिक घना, आपेक्षिक गहन ।

ਘਰ घर Ghar [3] पुं०
घर (पुं०) घर, गृह, मकान ।

ਘਰਾਟ घराट् Gharat [3] पुं०
घरट्ट (पुं०) चक्की; गेहूँ पीसने की मशीन; पनचक्की ।

ਘੜਨਾ घड़्ना Gharna [3] सक० क्रि०
घटयति / घटते (चुरादि भ्वादि सक०) गढ़ना; बनाना, रचना ।

ਘੜਵੰਜੀ घड़्वंजी Gharvañji [3] स्त्री०
घटमञ्च (पुं०) जल से पूर्ण घटादि पात्रों को रखने का स्थान ।

ਘੜਾ घड़ा Ghara [3] पुं०
घट (पुं०) घड़ा, कलश ।

ਘੜੀ घड़ी Ghari [3] स्त्री०
घटी (स्त्री०) घड़ी ।

ਘੜੌਂਚ घड़ौंच् Gharaũc [3] पुं०
द्र०—ਘੜਵੰਜੀ ।

ਘੜੌਂਚਾ घड़ौंचा Gharaũca [1] पुं०
द्र०—ਘੜਵੰਜੀ ।

ਘੜੌਂਚੀ घड़ौंची Gharaũci [3] स्त्री०
द्र०—ਘੜਵੰਜੀ ।

ਘਾ घा Gha [2] पुं०
द्र०—ਘਾਉ ।

ਘਾਉ घाउ Ghau [3] पुं०
घात (पुं०) घाव, चोट, छिलन ।

ਘਾਇਕ घाइक् Ghaik [3] वि०
घातक (वि०) मारने वाला, घात करने वाला, हिंसक ।

ਘਾਹ घाह् Ghah [3] पुं०
घास (पुं०) घास, पशुओं का चारा ।

ਘਾਹੀ[1] घाही Ghahi [3] पुं०
घोष (पुं०) अहीरों की बस्ती ।

ਘਾਹੀ[2] घाही Ghahi [3] पुं०
घासिन् (वि०) घास खोदने वाला, घास काटने वाला ।

ਘਾਟ घाट् Ghat [3] पुं०/वि०
घट्ट (पुं०/वि०) पुं०—घाट, पानी भरने या स्नान करने का स्थान; रास्ता; संकल्प । वि०—कम, न्यून ।

ਘਾਟਾ घाटा Ghata [3] पुं०
घट्टता (स्त्री०) घाटा, न्यूनता, कमी; नुकसान ।

ਘਾਠ घाठ् Ghath [3] पुं०
वाट्य (नपुं०) छिलका रहित भूने हुये जौ ।

ਘਾਣ घाण् Ghan [2] पुं०
घातन (नपुं०) वध करने का भाव, हत्या करने की क्रिया, हिंसा ।

ਘਾਣੀ घाणी Ghani [3] स्त्री०
घार (नपुं०) गारा, दिवाल निर्माण हेतु मिट्टी और जल का घोल ।

ਘਾਲ घाल् Ghal [3] स्त्री०

घारणा (स्त्री०) पिघलने या टपकने का भाव; परिश्रम, मेहनत।

ਘਾਲਣਾ घाल्णा Ghalṇa [3] अक० क्रि०
घारयति (चुरादि अक०) पिघलना, टपकना; अधिक परिश्रम करना।

ਘਿਉ घिउ Ghiu [3] पुं०
घृत (नपुं०) देशी घी, घृत।

ਘਿਉਰ घिउर् Ghiur [3] पुं०
घृतपूर (पुं०) घेवर; मालपूआ, पूआ।

ਘਿਆਂਡਾ घिआँडा Ghiāḍa [3] पुं०
घृतभाण्ड (नपुं०) घी रखने का पात्र।

ਘਿਣ घिण् Ghiṇ [2] स्त्री०
घृणा (स्त्री०) घृणा, घिन; अरुचि; दया, रहम; तिरस्कार।

ਘਿਣਾਉਣਾ घिणाउणा Ghiṇauṇa [3] वि०
घृणावत् (वि०) घिनौना, घृणित; तिरस्कृत; दया का पात्र; धिक्कृत।

ਘਿੰਨਣਾ घिन्न्णा Ghinnṇa [3] सक० क्रि०
गृह्णाति (क्र्यादि सक०) लेना; खरीदना; ले जाना।

ਘਿਰਣਾ घिर्णा Ghirṇa [3] स्त्री०
घृणा (स्त्री०) घृणा, नफरत, तिरस्कार; धिक्कार।

ਘਿਰਣਿਤ घिर्णित् Ghirṇit [2] वि०
घृणित (वि०) घृणित, घृणास्पद; धिक्कृत; तिरस्कृत।

ਘਿਰਨਾ घिर्ना Ghirna [3] अक० क्रि०
घूर्णते (भ्वादि अक०) चक्राकार घूमना; सिर चकराना; घेरे में आना, घिरना।

ਘੀ घी Ghī [3] पुं०
घृत (नपुं०) देशी शुद्ध घी।

ਘੀਸੀ घीसी Ghīsī [3] स्त्री०
घर्षित (नपुं०) शौच के पश्चात् बच्चे की गुदा को भूमी पर घसीट कर साफ करने की क्रिया।

ਘੁੱਗੂ घुग्गू Ghuggū [2] पुं०
घूक (पुं०) उल्लू पक्षी।

ਘੁੱਟੀ घुट्टी Ghuṭṭī [3] स्त्री०
घुटी (स्त्री०) बच्चों की दवा की गोली, चूर्ण अथवा रसायन।

ਘੁੰਡ घुंड् Ghuṇḍ [3] पुं०
अवगुण्ठन (नपुं०) घूँघट, नकाब।

ਘੁਣ घुण् Ghuṇ [3] पुं०
घुण (पुं०) घुन, काठ या अनाज का कीट-विशेष।

ਘੁੰਮਣ घुंमण् Ghummaṇ [3] पुं०
घूर्णन (नपुं०) घूमने का भाव, भ्रमि।

ਘੁੰਮਣ ਘੇਰ घुम्मण्-घेर् Ghummaṇ-gher [3] स्त्री०
घूर्णन (नपुं०) चक्कर, जल का आवर्त।

ਘੁੰਮਣਾ घुम्म्णा Ghummṇa [3] अक० क्रि०
घूर्णते (भ्वादि अक०) घूमना, चक्कर लगाना, चक्राकार घूमना।

ਘੁਮਾਰ घुमार् Ghumar [3] पुं०
कुम्भकार (पुं०) कुम्हार, मिट्टी का पात्र गढ़ने वाला जाति-विशेष।

ਘੁਮਾਰੀ घुमारी Ghumari [3] स्त्री०
कुम्भकारी (स्त्री०) कुम्हारिन, कुम्भकार की स्त्री।

ਘੁਮਿਆਰ घुम्यार् Ghumyar [3] पुं०
कुम्भकार (पुं०) कुम्हार, मिट्टी का पात्र गढ़ने वाला जाति-विशेष।

ਘੁਮਿਆਰੀ घुम्यारी Ghumyari [3] स्त्री०
द्र०—ਘੁਮਾਰੀ।

ਘੁਲਣਾ[1] घुल्णा Ghulṇa [3] अक० क्रि०
घोरति (स्वादि अक०) घुलना, मिलना।

ਘੁਲਣਾ[2] घुल्णा Ghulṇa [3] अक० क्रि०
घुरति (तुदादि अक०) कुश्ती में गुँथना, कुश्ती लड़ना; गुर्राना; घूरना।

ਘੁੜਸਾਲ घुड़् साल् Ghuṛsal [3] पुं०
घोटकशाला (स्त्री०) घुड़शाला, घोटकशाला, अस्तबल।

ਘੂਰਨਾ घूर्ना Ghūrna [3] अक० क्रि०
घूर्णते (स्वादि / तुदादि अक०) घूरना; चक्राकार घूमना; सिर चकराना।

ਘੇ घे Ghe [3] पुं०
द्र०—ਘਿਉ।

ਘੋਸ਼ घोष् Ghoṣ [3] पुं०
घोष (पुं०) गर्जने का शब्द, ऊँची ध्वनि, ऊँची आवाज।

ਘੋਸ਼ਣਾ घोष्णा Ghosṇa [3] अक० क्रि०
घोषयति / ते (चुरादि सक०) घोषणा करना; ढिंढोरा पीटना; मन में विचार करना; रटना; प्रशंसा करना।

ਘੋਸ਼ਨਾ घोष्ना Ghoṣna [3] सक० क्रि०
द्र०—ਘੋਸ਼ਣਾ।

ਘੋਸੀ घोसी Ghosi [3] पुं०
घोष (पुं०) अहीरों की बस्ती।

ਘੋਹਾ घोहा Ghoha [3] पुं०
घोष (पुं०) घोषणा करने या जोर से बोलकर जताने का भाव।

ਘੋਗਾ घोगा Ghoga [3] पुं०
घोङ्क (पुं०) घोंघा, नदी या तालाब के तट पर पाया जाने वाला जीव-विशेष, शम्बूक।

ਘੋਟਣਾ घोट्णा Ghoṭṇa [3] सक० क्रि०
घट्टयति / घोटते (चुरादि/स्वादि सक०) घोटना; पीसना; रगड़ना; चूर्ण करना।

ਘੋਲਣਾ घोल्णा Gholṇa [3] सक० क्रि०
घोलयति/घोरयति (स्वादि प्रेर०) घोलना; मिलाना।

ਘੋੜ घोड़् Ghoṛ [3] पुं०
द्र०—ਘੋੜਾ।

ਘੜਸਵਾਰ घोड़सवार Ghor svar [3] पुं०
घोटकाश्वारोह (पुं०) घुड़सवार, घोड़े की सवारी करने वाला।

ਘੋੜਸਵਾਰੀ घोड़्-स्वारी Ghoṛ-svāri [3] स्त्री०
घोटकाश्वारोहीय (नपुं०) घुड़सवारी, घोड़े की सवारी का कर्म या भाव।

ਘੋੜਾ घोड़ा Ghoṛa [3] पुं०
घोटक (पुं०) घोड़ा, अश्व।

ਘੋੜੀ घोड़ी Ghoṛī [3] स्त्री०
घोटकी (स्त्री०) घोड़ी, घोड़े की मादा।

ਘੌਣਾ घौणा Ghauṇā [3] सक० क्रि०
घर्षति (भ्वादि सक०) घिसना; पीसना; पेरना; रगड़ना।

ਘੰਗਾਲਣਾ घंगाल्णा Ghãgalṇa [3] सक० क्रि०
क्षालयति (चुरादि सक०) खंगालना, क्षालन करना, धोना, स्वच्छ करना।

ਘਗਲਣਾ घगोलणा Ghagolna [1] सक० क्रि०
द्र०—ਘੰਗਾਲਣਾ।

ਘੰਟਕ घण्टक् Ghantak [3] पुं०
घण्टा (स्त्री०) घण्टा-घड़ियाल, एक वाद्यविशेष।

ਘੰਟਾ घण्टा Ghanṭā [3] पुं०
घण्टा (स्त्री०) हिलाकर बजाये जाने वाला घण्टा वाद्य।

ਘੰਟੀ घण्टी Ghanṭī [3] स्त्री०
घण्टी / घण्टिका (स्त्री०) छोटा घण्टा, घण्टी।

ਘੰਡਾ घण्डा Ghanḍa [1] पुं०
द्र०—ਘੰਟਾ।

ਘੰਡੀ घण्डी Ghanḍī [3] स्त्री०
घण्टिका (स्त्री०) पशु आदि के गले में बाँधे जाने वाली घण्टिका, घाँटी।

च

ਚਸਕ चसक् Casak [1] पुं०
चषक (नपुं०) प्याला, पान-पात्र, शराब पीने का पात्र।

ਚਹਾ चहा Caha [2] पुं०
चाष (पुं०) नीलकण्ठ पक्षी।

ਚਹੁੰ चहुँ Cahũ [3] वि०
चतुर् (वि०) चार, चार संख्या से युक्त।

ਚਹੇ चहे Cahe [1] पुं०
चक्षुस् (नपुं०) नेत्र, आँख।

ਚਕਚੂੰਧਰ चक्चूँधर् Cakcundhar [3] स्त्री०
द्र० —ਛਛੂੰਦਰ ।

ਚਕਰੀ चक्री Cakrī [3] स्त्री०
चक्रिका (स्त्री०) भँवरी, जलावर्त ।

ਚਕਲੀ चक्ली Caklī [3] स्त्री०
चक्रल (पुं०) घुमावदार गोल तथा चौड़ा चक्का ।

ਚਕਵਾ चक्वा Cakvā [3] पुं०
चक्रवाक (पुं०) चकवा, पक्षी-विशेष ।

ਚਕਵੀ चक्वी Cakvī [3] स्त्री०
चक्रवाकी (स्त्री०) चकवी, चकवे की मादा ।

ਚਕਾਰਾ[1] चकारा Cakārā [3] पुं०
छिक्कार (पुं०) कृष्णसार मृग; मृग-शावक ।

ਚਕਾਰਾ[2] चकारा Cakārā [3] पुं०
चीत्कार (पुं०) चिग्घाड़; शोर-गुल, हल्ला-गुल्ला ।

ਚਕੂੰਧਰ चकून्धर् Cakūndhar [2] स्त्री०
चुच्छुन्दरी (स्त्री०) छछुन्दरी, चूहे की जाति का प्राणी, मादा छछुन्दर ।

ਚਕੇਟੀ चकेटी Cakeṭī [2] स्त्री०
चेटी (स्त्री०) चेरी, दासी ।

ਚਕੋਣਾ चकोना Cakonā [3] वि०
द्र०—ਚੌਕੋਣਾ ।

ਚਕੋਰ चकोर् Cakor [3] पुं०
चकोर (पुं०) चकोर पक्षी, पहाड़ी तीतर ।

ਚਕੋਰਾ चकोरा Cakorā [2] पुं०
चारक/परिचारक (पुं०) चाकर, नौकर ।

ਚੱਕ चक्क् Cakk [3] पुं०
चक्र (नपुं०, पुं०) चक्का, पहिया ।

ਚੱਕਰ चक्कर् Cakkar [3] पुं०
चक्र (नपुं, पुं०) गोल चक्का, पहिया; गोलाई में घूमने का भाव, चक्कर; जल की भौरी; देश; दिशा; आदेश ।

ਚੱਕਰਵਰਤੀ चक्कर्-वर्ती Cakkar-vartī [3] पुं०
चक्रवर्तिन् (पुं०) चक्रवर्ती; सम्राट् ।

ਚੱਕਰਵਿਊਹ चक्कर्-व्यूह् Cakkar-vyūh [3] पुं०
चक्रव्यूह (पुं०) चक्रव्यूह, युद्ध-भूमि में युद्ध करने की एक संरचना ।

ਚਕਰੀ चक्करी Cakkarī [3] स्त्री०
चक्री (स्त्री०) गेहूँ आदि पीसने की छोटी चक्की; चकरी ।

ਚੱਕਲਾ चक्कला Cakklā [3] पुं०
चक्र/चक्रल (नपुं०) चकला, रोटी बेलने की चौकी ।

ਚੱਕੀ चक्की Cakkī [3] स्त्री०
चक्री (स्त्री०) चक्की, गेहूँ आदि पीसने की चक्की ।

ਚਕ੍ਰਿਤ चक्रित् Cak.it [3] वि०
चकित (वि०) चकित, चौंका हुआ।

ਚਖਸ਼ੂ चख्शू Cakhśū [2] स्त्री०
चक्षुस् (नपुं०) चक्षु, आँख, नेत्र।

ਚਖਾਉਣਾ चखाउणा Cakhauṇa
[3] सक० क्रि०
चाषयति (भ्वादि प्रेर०) चखाना; खिलाना, भक्षण कराना।

ਚੱਖਣਾ चक्खणा Cakkhṇa [3] सक० क्रि०
चषति / ते (भ्वादि सक०) चखना स्वाद लेना।

ਚਚੀਂਡਾ चचींडा Cacinḍa [3] पुं०
चचेण्डा (स्त्री०) चीचींडा, एक प्रकार की बेल और उसका फल जो पतला और लम्बा होता है तथा जिसकी सब्जी बनती है।

ਚਚੂੰਧਰ चचून्धर् Cacūndhar [3] स्त्री०
चुच्छुन्दरी (स्त्री०) छछुन्दरी, चूहे के आकार का एक जीव।

ਚਟਸਾਲ चट्साल् Catsal [2] स्त्री०
चटुशाला (स्त्री०) पाठशाला, विद्यालय।

ਚਟਕਣਾ चटक्णा Caṭakṇa [3] अक० क्रि०
चाटयति (चुरादि अक०) चटकना, तड़क कर टूटना।

ਚਟਾਣਾ चटाणा Caṭāṇa [3] पुं०
चाटकैर (पुं०) चिड़िये का बच्चा।

ਚੱਠ[1] चट्ठ् Catṭh [3] स्त्री०
चष्टि (स्त्री०) भोजन; भोजनोत्सव।

ਚੱਠ[2] चट्ठ् Catṭh [3] पुं०
चैत्येष्टि (स्त्री०) घर की ईंट; गृह प्रवेश के समय का यज्ञ।

ਚਣਾ चणा Caṇa [3] पुं०
चणक (पुं०) चना अन्न।

ਚਤਰਾ चत्रा Catra [3] वि०
चतुर (वि०) चतुर, चालाक, निपुण।

ਚਤੁਰ चतुर् Catur [3] वि०
चतुर (वि०) चतुर, चालाक।

ਚਤੁਰਤਾ चतुर्ता Caturta [3] स्त्री०
चतुरता (स्त्री०) चतुरता, चतुराई, चातुरी।

ਚਤੁਰਭੁਜ चतुर्भुज् Caturbhuj [3] पुं०
चतुर्भुज (पुं०) चतुर्भुज भगवान् विष्णु।

ਚਤੁਰਭੁਜਾ चतुर्भुजा Caturbhuja [3] स्त्री०
चतुर्भुजी (स्त्री०) चार भुजाओं वाली।

ਚਤੁਰਵਰਣ चतुर्-वरण् Catur-varaṇ [3] पुं०
चतुर्वर्ण (पुं०) चारों वर्ण, ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य और शूद्र जाति।

ਚਤੁਰਾਈ चतुराई Caturaī [3] स्त्री०
चातुरी (स्त्री०) चातुरी, चतुरता, चतुराई।

ਚਤੁਰਾਂਗ चतुरांग् Caturāg [3] पुं०

चतुरङ्ग (नपुं०) चतुरङ्गिना सेना जिसमें रथ, हाथी, और घोड़ों के अतिरिक्त पैदल सेना भी रहती है।

ਚਨਾਠੀ चनाठी Canathī [3] स्त्री०
चन्दनकाष्ठ (नपुं०) चन्दन की लकड़ी का छोटा भाग, चन्दन की गेंड़ी।

ਚਪੇਟ चपेट् Capeṭ [3] स्त्री०
द्र०—ਚਪੇੜ।

ਚਪੇਟਾ चपेटा Capeṭā [1] पुं०
द्र०—ਚਪੇੜ।

ਚਪੇੜ चपेड़् Capeṛ [3] स्त्री०
चपेटा (स्त्री०) चपेटा, थप्पड़।

ਚਪੇੜਨਾ चपेड़ना Capeṛnā [3] सक० क्रि०
चपेटयति (नामधातु सक०) चपेटा मारना, थप्पड़ लगाना, झापड़ देना।

ਚਬਾਉਣਾ[1] चबाउणा Cabāuṇā [3] सक० क्रि०
चर्वयति (भ्वादि प्रेर०) चबवाना, चर्वण कराना, खिलाना।

ਚਬਾਉਣਾ[2] चबाउणा Cabāuṇā [3] सक० क्रि०
चर्वति (भ्वादि सक०) चबाना; खाना।

ਚਬਾਣਾ चबाणा Cabāṇā [3] सक० क्रि०
द्र०—ਚਬਾਉਣਾ[2]।

ਚਬੀਣਾ चबीणा Cabīṇā [3] वि०
चर्वणीय (वि०) चबाने योग्य वस्तु, भूने हुये दाने आदि।

ਚਬੂਤਰਾ चबूतरा Cabūtrā [3] पुं०
चत्वर (नपुं०) चबूतरा, समतल भूमि, चौराहा।

ਚੱਬਣ चब्बण् Cabbaṇ [3] पुं०
चर्वण (नपुं०) चबाने का भाव।

ਚੱਬਣਾ चब्बणा Cabbṇā [3] सक० क्रि०
चर्वति (भ्वादि सक०) चबाना, चर्वण करना, खाना।

ਚਮਕਣਾ चमकणा Camakṇā [3] अक० क्रि०
चमत्करोति (तनादि / अदादि अक०) चमकना, प्रकाशित होना।

ਚਮਕਾਰ चम्कार Camkār [3] पुं०
चमत्कार (पुं०) चमकार, प्रभा, प्रकाश।

ਚਮਜੂੰ चम्जूँ Camjū̃ [3] स्त्री०
चर्मयूका (स्त्री०) चमड़ी में लिपटने वाली जूँ।

ਚਮਰ चमर् Camar [3] स्त्री०
चमरी (स्त्री०) चमरी गाय, जिसके बाल का चँवर बनता है।

ਚਮੜਾ चम्ड़ा Camṛā [3] पुं०
चर्मन् (नपुं०) चमड़ा, खाल, चमड़ी, त्वचा।

ਚਮਾਰ चमार् Camār [3] पुं०
चर्मकार (पुं०) चमार, चमड़े का काम करने वाला।

ਚਮਾਰੀ चमारी Camārī [3] स्त्री०

चर्मकारी (स्त्री०) चमारिन, चमार या हरिजन की पत्नी।

ਚਮਿਯਾਰ चम्यार् Camyar [3] पुं०
द्र०—ਚਮਾਰ।

ਚਮਿਆਰੀ चम्यारी Camyari [3] स्त्री०
द्र०—ਚਮਾਰੀ।

ਚਮੇਲੀ चमेली Cameli [3] स्त्री०
द्र०—ਚੰਬੇਲੀ।

ਚਮੇੜਨਾ चमेड़्ना Camerna [3] सक० क्रि०
चर्पयति (चुरादि सक०) चिपकाना, सटाना।

ਚਮੋਟਾ चमोटा Camota [1] पुं०
चर्मपट्ट (पुं०) चर्मरज्जु, चमड़े का पट्टा।

ਚਰਕਣਾ चर्कणा Carkna [2] सक० क्रि०
द्र०—ਚਟਕਣਾ।

ਚਰਜ चरज् Caraj [3] पुं०
द्र०—ਅਸਚਰਜ।

ਚਰਣ चरण् Caran [3] पुं०
चरण / आचरण (नपुं०) आचरण, व्यवहार।

ਚਰਣਾਠੀ चर्णाठी Carnathi [2] स्त्री०
द्र०—ਚਨਾਠੀ।

ਚਰਣਾਮਤ चर्णामत् Carnamat [3] पुं०
चरणामृत (नपुं०) चरणामृत, चरणोदक, मन्दिर में भगवान् के चरणों का धोवन जल।

ਚਰਨਾ चर्ना Carna [3] सक० क्रि०
चरति (भ्वादि सक०) चरना, खाना, आचरण करना; जाना।

ਚਰਨਾਠੀ चर्नाठी Carnathi [3] स्त्री०
द्र०—ਚਨਾਠੀ।

ਚਰਮਖ चर्मख् Carmakh [2] पुं०
चर्माक्ष (नपुं०) चरखे के तकुले की आधारभूत कीली।

ਚਰਵਾਹਾ चर्वाहा Carvaha [3] पुं०
चरवाह (वि०) चरवाहा, पशु चराने वाला।

ਚਰਵਾਕ चर्वाक् Carvak [1] पुं०
द्र०—ਚਰਵਾਹਾ।

ਚਰਾਉਣਾ चराउणा Carauna [3] सक० क्रि०
चारयति (भ्वादि प्रेर०) चराना, खिलाना; भेजना।

ਚਰਾਹਾ चराहा Caraha [1] पुं०
द्र०—ਚਰਵਾਹਾ।

ਚਲਣਾ चल्णा Calna [3] अक० क्रि०
चलति (भ्वादि अक० / सक०) अक०—चलना, हिलना-डुलना, काँपना। सक०—जाना।

ਚਲਾਉਣਾ चलाउणा Calauna [3] सक० क्रि०
चलयति / चालयति (भ्वादि प्रेर०) चलाना, हिलाना-डुलाना, कँपाना; भेजना, गति देना।

ਚਲਾਊ चलाऊ Calaū [3] पुं०
चालक (वि०) चलाने वाला, चालक।

ਚਲਾਇਮਾਨ चलाइमान् Calaiman [3] वि०
चलायमान (वि०) चलायमान, चञ्चल, अस्थिर।

ਚਲਾਣਾ चलाणा Calaṇa [3] पुं०
चलन (नपुं०) प्रयाण; मौत, मृत्यु।

ਚਲਿੱਤਰ चलित्तर् Calittar [3] पुं०
चरित्र (नपुं०) चरित्र, चाल-चलन; वृत्तान्त।

ਚਲੀਠਾ चलीठा Caliṭha [3] पुं०
चणपिष्ठ (नपुं०) चने का आटा, चूर्ण, बेसन।

ਚੱਲਣਾ चल्ल्णा Callṇa [3] अक० क्रि०
चलति (भ्वादि अक० / सक०) अक०—चलना, हिलना - डुलना; काँपना। सक०—जाना।

ਚਵ੍ਹੀ चव्ही Cavhi [3] वि०
चतुर्विंशति (स्त्री०) चौबीस (24); चौबीस वस्तुयें।

ਚਾਉ चाउ Cau [3] पुं०
उत्साह (पुं०) उत्साह, उमंग, आनन्द की लहर।

ਚਾਉਣਾ चाउणा Cauṇa [2] सक० क्रि०
चाययति / उत्थापयति (भ्वादि प्रेर०) उठाना; खड़ा करना।

ਚਾਕਰ चाकर् Cakar [3] पुं०
चारक (पुं०) परिचारक, नौकर, सेवक।

ਚਾਕੀ चाकी Caki [3] स्त्री०
चक्रिका/चक्की (स्त्री०) आटा पीसने का यन्त्र, चक्की।

ਚਾਟ चाट् Caṭ [2] स्त्री०
चपेटा (स्त्री०) चाँटा, चपेटा, चपत, थप्पड़।

ਚਾਣਾ चाणा Caṇa [3] सक० क्रि०
द्र०—ਚਾਉਣਾ।

ਚਾਤਰਤਾਈ चातर्ताई Catartai [1] स्त्री०
द्र०—ਚਤੁਰਾਈ।

ਚਾਤੁਰ चातुर् Catur [3] वि०
चतुर (वि०) चतुर, चालाक, निपुण।

ਚਾਂਦੀ चाँदी Cādi [3] स्त्री०
चान्द्री (स्त्री०) चाँदी, धातु-विशेष।

ਚਾਨਣ चानण् Canaṇ [3] पुं०
चान्द्री (वि०) चाँदनी, चन्द्र-किरण; प्रकाश, रोशनी।

ਚਾਨਣਾ चान्णा Canṇa [2] वि०
द्र०—ਚਾਨਣ।

ਚਾਨਣੀ चान्णी Canṇi [3] स्त्री०
द्र०—ਚਾਨਣ।

ਚਾਰ चार् Car [3] वि०
चतुर (वि०) चार संख्या से युक्त।

ਚਾਰਵਾਕ चारवाक Carvak [3] पुं०
चार्वाक (पुं०) चार्वाक, नास्तिक ।

ਚਾਰਵਾਕੀਆ चार्वाकिआ Carvākia [3] पुं०
चार्वाकीय (वि०) चार्वाक सम्प्रदाय का, चार्वाक से सम्बन्धित ।

ਚਾਰੇਪਹਿਰ चारेपैह्र् Carepaihr [3] क्रि० वि०
चतुःप्रहर (नपुं०) चार पहर, दिन भर ।

ਚਾਲ चाल् Cal [3] स्त्री०
चल्या (स्त्री०) व्यवहार, चाल-चलन; गति; रीति ।

ਚਾਲਾ चाला Cala [3] पुं०
चाल (पुं०) चाल-चलन; व्यवहार; रीति; गति ।

ਚਾਲੀ चाली Cali [3] वि०
चत्वारिंशत् (स्त्री०) चालीस संख्या; चालीस वस्तुयें ।

ਚਾਵਲ चावल् Caval [3] पुं०
तण्डुल (पुं०) चावल, तुष रहित धान ।

ਚਿਕਣਾ चिक्णा Cikṇa [3] पुं०
चिक्कण (वि०) चिकना, मुलायम, मसृण, पिच्छिल ।

ਚਿਕਨਾ चिक्ना Cikna [1] पुं०
द्र०—ਚਿਕਣਾ ।

ਚਿੰਕਾਰ चिंकार् Ciṅkār [3] पुं०
चीत्कार (पुं०) चिंघाड़, चिल्लाने का शब्द, चिल्लाहट ।

ਚਿਕਾਰਾ चिकारा Cikara [2] पुं०
द्र०—ਚਕਾਰਾ[2] ।

ਚਿਕਿਤਸਕ चिकित्सक् Cikitsak [3] पुं०
चिकित्सक (पुं०) चिकित्सक, वैद्य, डाक्टर, हकीम ।

ਚਿਕਿਤਸਾ चिकित्सा Cikitsa [3] स्त्री०
चिकित्सा (स्त्री०) चिकित्सा, इलाज, उपचार ।

ਚਿੱਕੜ चिक्कड़् Cikkaṛ [3] पुं०
चिकिल (पुं०) कीचड़, पङ्क ।

ਚਿੱਟਾ चिट्टा Citta [3] पुं०
श्वित्र (वि०) गोरा, गौर, सफेद ।

ਚਿਣਨਾ चिण्ना Ciṇna [3] सक० क्रि०
चिनोति (स्वादि सक०) जड़ना; इकट्ठे करना; जोड़ना ।

ਚਿਤਕਬਰਾ चित्-कब्रा Cit-kabra [3] पुं०
चित्रकर्बुर (वि०) चितकबरा, अनेक रंगों से युक्त; धब्बेदार ।

ਚਿੰਤਨ चिन्तन् Cintan [3] पुं०
चिन्तन (नपुं०) चिन्तन, ध्यान, स्मृति-जनक मानसिक विचार ।

ਚਿਤਰਾ चित्रा Citra [3] पुं०
चित्रक (पुं०) चीता, एक जंगली जानवर ।

ਚਿਤਲਾ चित्ला Citla [2] पुं०
चित्रक (वि०) धब्बेदार, चितकबरा ।

ਚਿਤਵਾ चित्वा Citva [3] पुं०
द्र०—चितरा ।

ਚਿੰਤਾ चिन्ता Cinta [3] स्त्री०
चिन्ता (स्त्री०) चिन्ता, सोच, शोक; ध्यान, चिन्तन ।

ਚਿਤਾਉਣਾ चिताउणा Citauṇa [3] सक० क्रि०
चेतयति (भ्वादि/चुरादि प्रेर०) सावधान करना, चेताना; होश में लाना ।

ਚਿਤਾਸਾ चितासा Citasa [1] पुं०
चित्ताशय (पुं०) हृदयस्थल, हृद्देश; अन्त:करण का अभिप्राय ।

ਚਿੰਤਾਤੁਰ चिन्तातुर् Cintatur [3] वि०
चिन्तातुर (वि०) चिन्तातुर, चिन्ता से व्याकुल, शोकाकुल ।

ਚਿੰਤਿਤ चिन्तित् Cintit [3] वि०
चिन्तित (वि०) चिन्तित, चिन्तायुक्त, चिन्तातुर ।

ਚਿਤੇਰਾ चितेरा Citera [3] पुं०
चित्रकार (पुं०) चित्रकार; रङ्गसाज, रञ्जक; नक्कास ।

ਚਿਤੌੜ चितौड़् Citauṛ [3] पुं०
चतुष्कोट (पुं०) चित्तौड़, राजस्थान प्रान्त का एक क्षेत्र ।

ਚਿੱਤ चित् Citt [3] पुं०
चित्त (नपुं०) चित्त, अन्त:करण, मन ।

ਚਿੱਤਣਾ चित्णा Cittṇa [3] सक० क्रि०
चित्रयति (चुरादि सक०) रँगना; सजाना; चित्र बनाना ।

ਚਿੱਤਬਿਰਤੀ चित्तबिर्ती Cittabirti [3] स्त्री०
चित्तवृत्ति (स्त्री०) चित्तवृत्ति, प्रवृत्ति; झुकाव, रुझान ।

ਚਿੱਤਰਕਲਾ चित्तर्कला Cittarkala [3] स्त्री०
चित्रकला (स्त्री०) चित्रकला, चित्र बनाने, रँगने या सजाने की कला ।

ਚਿੱਤਰਕਾਰ चित्तर्कार् Cittarkar [3] पुं०
चित्रकार (पुं०) चित्र रँगने या सजाने वाला ।

ਚਿੱਤਰਨਾ चित्तर्ना Cittarna [3] सक० क्रि०
चित्रयति (चुरादि सक०) चित्र बनाना, चित्रित करना ।

ਚਿੱਤਰਾ चित्रा Cittra [3] पुं०
चित्र (नपुं०) चित्र, तस्वीर ।

ਚਿੱਤਾ चित्ता Citta [3] पुं०
चित्रक (पुं०) चीता, जंगल का पशु-विशेष ।

ਚਿਤ੍ਰੇਰਾ चित्रेरा Citrera [3] पुं०
द्र०—चितेरा ।

ਚਿਨ੍ਹ चिन्न्ह् Cinnh [3] पुं०
चिह्न (नपुं०) चिह्न, लक्षण, निशान ।

ਚਿੱਭੜ चिब्भड़् Cibbhaṛ [2] **पुं०**
चिर्भट (नपुं०) खरीफ की फसल में होने वाला एक फल जो खटमीठा होता है।

ਚਿਰ चिर् Cir [3] **क्रि० वि०**
चिर (क्रि० वि०) बहुत दिन का, बहुत समय बाद, देरी, विलम्ब।

ਚਿਰਕ चिरक् Cirak [2] **क्रि० वि०**
चिरकाल (नपुं०) चिरकाल से, दीर्घकाल से, बहुत समय बाद।

ਚਿਰਕਾਲ चिर्काल् Cirkal [3] **क्रि० वि०**
चिरकाल (नपुं०) चिरकाल से, बहुत देर बाद, अति विलम्ब से।

ਚਿਰਾਇਤਾ चिराइता Ciraita [3] **पुं०**
चिरतिक्त (नपुं०) चिरायता, पहाड़ों पर होने वाली एक औषधि जो कड़वी और खुश्क होती है तथा ज्वर में दवा के काम आती है।

ਚਿਰਾਕਾ चिराका Ciraka [3] **क्रि० वि०**
द्र०—ਚਿਰਕਾਲ।

ਚਿਰੀਂ चिरीं Cirī [1] **क्रि० वि०**
द्र०—ਚਿਰ।

ਚਿਰੋਕਣਾ चिरोक्णा Cirokṇa [3] **वि०**
चिरन्तन (वि०) चिरन्तन, पुराना, प्राचीन, चिरकालिक।

ਚਿਰੰਕਾਲ चिरंकाल् Cirankal [3] **क्रि० वि०**
द्र०—ਚਿਰਕਾਲ।

ਚਿਰੰਜੀਵੀ चिरंजीवी Ciranjīvī [3] **वि०**
चिरजीविन् (वि०) चिरजीवी, बहुत दिनों तक जीनेवाला।

ਚਿਲਮਿਲਾ चिल्मिला Cilmila [3] **स्त्री०**
चिलमिलिका (स्त्री०) विद्युत्, बिजली।

ਚਿੜਾ चिड़ा Ciṛa [3] **पुं०**
चटक (पुं०) चिड़कला, गौरैया।

ਚਿੜਾਉਣਾ चिड़ाउणा Ciṛauṇa [3] **सक० क्रि०**
चण्डयति (स्वादि प्रेर०) चिढ़ाना, क्रुद्ध, करना, कुपित करना।

ਚਿੜੀ चिड़ी Ciṛī [3] **स्त्री०**
चटका (स्त्री०) चिड़ी, चिरई, मादा, गौरैया।

ਚੀਹੜਾ चीह्ड़ा Cihṛa [3] **पुं०**
चीडा (वि०) कठोर स्वभाव का, चिड़चिड़ा।

ਚੀਕ चीक् Cik [3] **स्त्री०**
चीत्कार (पुं०) चीत्कार, चीख।

ਚੀਕਣਾ[1] चीक्णा Cikṇa [3] **पुं०**
द्र०—ਚਿਕਣਾ।

ਚੀਕਣਾ[2] चीक्णा Cikṇa [3] **अक० क्रि०**
चीत्करोति (तनादि अक०) चीखना, चिल्लाना।

ਚੀਕੁਣਾ चीकुणा Cikuṇa [3] **पुं०**
द्र०—ਚਿਕਣਾ।

ਚੀਜਵਹੁਟੀ चीज्बहुटी Cījvahuṭī [3] **स्त्री०**

इन्द्रवधू (स्त्री०) बीरबहूटी, बरसात में होने वाला एक कीड़ा जिसके रोयें मखमल जैसे होते हैं।

ਚੀਂਟਾ चींटा Cīṭā [1] **पुं०**
चिण्टक (पुं०) चींटा, नर चींटी।

ਚੀਂਟੀ चींटी Cīṭī [3] **स्त्री०**
चिण्टकी (स्त्री०) चींटी, एक छोटा कीड़ा।

ਚੀਣਾ चीणा Cīṇā [3] **पुं०**
चीन (पुं०) चीना, अन्न-विशेष।

ਚੀਤਰ चीतर् Cītar [3] **पुं०**
चित्रमृग (पुं०) चितकबरा मृग, धब्बेदार हिरन।

ਚੀਤਾ चीता Cītā [3] **पुं०**
चित्रक (पुं०) चीता, जंगली पशु-विशेष।

ਚੀਰ चीर् Cīr [3] **पुं०**
चीर (नपुं०) फटा-पुराना वस्त्र, चिथड़ा; धज्जी; छिद्र।

ਚੀਰਣਾ चीर्णा Cīrṇā [3] **सक० क्रि०**
चीरयति (नामधातु सक०) चीरना, फाड़ना, टुकड़े करना।

ਚੀਰਨਾ चीर्ना Cīrnā [3] **सक० क्रि०**
द्र०—ਚੀਰਣਾ।

ਚੀਲ चील् Cīl [3] **स्त्री०**
चीडा > चिल्ला (स्त्री०) सरल वृक्ष, तारपीन का वृक्ष।

ਚੀਲ੍ਹ चील्ह् Cīlh [2] **स्त्री०**
चिल्लि (पुं०) चील्ह, एक प्रकार का शिकारी पक्षी।

ਚੀੜ੍ਹ[1] चीढ़ Cīṛh [3] **स्त्री०**
द्र०—ਚੀਲ।

ਚੀੜ੍ਹ[2] चीढ़ Cīṛh [3] **स्त्री०**
चीड (पुं०) चिड़चिड़ापन; ढिठाई, धृष्टता।

ਚੀੜ੍ਹਾ चीढ़ा Cīṛhā [3] **पुं०**
चीड (वि०) कठोर स्वभाव का, चिड़चिड़े स्वभाव का।

ਚੁਆਉਣਾ चुवाउणा Cuvāuṇā [3] **सक० क्रि०**
च्योतयति (भ्वादि प्रेर०) चुवाना, टपकाना, बूँद-बूँद गिराना।

ਚੁਸਾਈ चुसाई Cusāī [3] **स्त्री०**
चूषण (नपुं०) चुसाई, चूसने का भाव।

ਚੁਹੱਤਰ चुहत्तर् Cuhattar [3] **वि०**
चतुस्सप्तति (स्त्री०) चौहत्तर 74, चौहत्तर संख्या से युक्त।

ਚੁਹੱਤਰਮਾਂ चुहत्तर्माँ Cuhattarmā̃ [3] **वि०**
चतुःसप्ततितम / चतुसप्तत (वि०) चौहत्तरवाँ।

ਚੁਹੱਤਰਵਾਂ चुहत्तर्वाँ Cuhattarvā̃ [3] **वि०**
चतुःसप्ततितम / चतुःसप्तत (वि०) चौहत्तरवाँ।

ਚੁਕਾਠ चुकाठ् Cukāṭh [2] **स्त्री०**
चतुष्काष्ठ (नपुं०) चौकठ, ड्योढ़ी, दरवाजा।

ਚਕਨਾ चकना Cul ar 1 ॰ पुं॰
चतुष्कर्ण (वि॰) चौकन्ना, सावधान ।

ਚੁਗਾਠ चुगाठ् Cugath [3] स्त्री॰
चतुष्काष्ठ (नपुं॰) चौखट, द्वार-फ्रेम; ड्योढ़ी ।

ਚੁੰਗੀ चुंगी Cungi [3] स्त्री॰
शुल्क (नपुं॰, पुं॰) चुंगी, कर, टैक्स ।

ਚੁੰਘਣਾ चुंघ्णा Cunghna [3] सक॰ क्रि॰
चूषति (भ्वादि सक॰) चूसना ।

ਚੁੰਘੜੀਆ चुंघड़िआ Cungharia [3] पुं॰
चातुर्घटिक (वि॰) चौघड़िया, चार घटी काल का मुहूर्त ।

ਚੁੰਝ चुंझ् Cunjh [3] स्त्री॰
चञ्चु > चुञ्च (स्त्री॰) चोंच, चंचु, पक्षियों के मुख का अग्रभाग ।

ਚੁੰਝ-ਗਿਆਨ चुंझ्-ग्यान् Cunjh-gyan [3] पुं॰
चञ्चुज्ञान (नपुं॰/वि॰) नपुं॰—अल्पज्ञान । वि॰—थोड़ी जानकारी वाला ।

ਚੁਟਕੀ चुट्की Cutki [3] स्त्री॰
छोटिका (स्त्री॰) चुटकी, अंगुष्ठ और मध्यमा अंगुलियों का अग्रभाग या उससे की गयी ध्वनि अथवा उसका परिमाण ।

ਚੁਟੀਆ चुटिया Cutiya [3] स्त्री॰
चोटी (स्त्री॰) शिर की चोटी, शिखा ।

ਚੁੱਡ चुड्ड Cudd [3] स्त्री॰
चुल (पुं॰) चूत, भग, योनि; गुदाद्वार ।

ਚੁਣਨਾ चुण्ना Cunna [3] सक॰ क्रि॰
चिनोति (स्वादि सक॰) चुनना, बटोरना, संग्रह करना ।

ਚੁਤਾਲਾ चुताला Cutala [3] पुं॰
चतुस्ताल (पुं॰) चौताल, संगीत का एक विशेष गान और ताल ।

ਚੁਤਾਲੀ चुताली Cutali [3] वि॰
चतुश्चत्वारिंशत् (स्त्री॰) चौवालीस, 44 संख्या या इससे युक्त वस्तु ।

ਚੁੱਤੜ चुत्तड़् Cuttar [3] पुं॰
चुततर (पुं॰) चूतर, नितम्ब, कमर का पिछला उभरा हुआ भाग ।

ਚੁਥਾਈ चुथाई Cuthai [3] स्त्री॰
चतुर्थपादिका (स्त्री॰) चौथाई, चौथा भाग ।

ਚੁਧਰਾਣੀ चुध्राणी Cudhrani [3] स्त्री॰
चतुर्धुरीणा (स्त्री॰) चौधराइन, चौधरी की पत्नी ।

ਚੁਧਰਿਆਣੀ चुध्र्याणी Cudhryani [1] स्त्री॰
द्र॰—ਚੁਧਰਾਣੀ ।

ਚੁਪੱਤਾ चुपत्ता Cupatta [3] पुं॰
चतुष्पत्र (नपुं॰/पुं॰) नपुं॰—चार पत्तों का समूह । पुं॰—एक पौधा जिसके वृन्त में चार-चार पत्ते साथ रहते हैं ।

ਚੁਪਤੀ चुपत्ती Cupatti [3] **स्त्री०**
चतुष्पत्री (स्त्री०) जिसके वृन्त में चार-चार पत्ते साथ रहते हैं, चार पत्तों का समूह।

ਚੁਪਾਇਆ चुपाइआ Cupaia [3] **पुं०**
चतुष्पाद (पुं०) चौपाया, पशु, जानवर।

ਚੁਪਾਈ चुपाई Cupai [3] **स्त्री०**
चतुष्पदी (स्त्री०) चौपाई, हिन्दी का एक छन्द, चार पदों वाला श्लोक जिसमें 32 अक्षर होते हैं।

ਚੁਪੇੜ चुपेड़् Cuper [3] **स्त्री०**
द्र०—ਚਪੇੜ।

ਚੁਬਾਰਾ चुबारा Cubara [3] **पुं०**
चतुर्द्वार (वि०/नपुं०) वि०—चार द्वारों वाला, जिसमें चारों ओर से दरवाजे हों। नपुं०—चार दरवाजे, चार द्वारों का समूह।

ਚੁੰਮਣ चुम्मण् Cumman [3] **पुं०**
चुम्बन (नपुं०) चुम्बन, चूमने का भाव।

ਚੁੰਮਣਾ चुम्म्णा Cummna [3] **सक० क्रि०**
चुम्बति / ते (भ्वादि सक०) चूमना, चुम्बन करना।

ਚੁਮਾਸਾ चुमासा Cumasa [3] **पुं०**
चातुर्मास्य (नपुं०) चौमासा, वर्षा ऋतु के चार मास; इस काल में किया जाने वाला एक पौराणिक व्रत; कार्तिक, फाल्गुन और आषाढ़ के प्रारम्भ में अनुष्ठेय यज्ञ-विशेष।

ਚੁਮਾਹਾ चुमाहा Cumaha [3] **पुं०**
द्र०— ਚੁਮਾਸਾ।

ਚੁੰਮੀ चुम्मी Cummi [3] **स्त्री०**
चुम्बन (नपुं०) चुम्बन, चूमने का भाव।

ਚੁਮੁਖੀਆ चुमुखिआ Cumukhia [3] **वि०**
द्र०— ਚੁਮੁੱਖਾ।

ਚੁਮੁੱਖਾ चुमुक्खा Cumukkha [3] **वि०/पुं०**
चतुर्मुख (वि०/पुं०/नपुं०) वि०—चौमुख, चार मुखों वाला। पुं०—ब्रह्मा, विधाता। नपुं०—चार द्वारों वाला घर।

ਚੁਰਸਤਾ चुरस्ता Curasta [3] **पुं०**
चतुष्पथ (पुं०) चौराहा, चौमुहानी।

ਚੁਰਾਉਣਾ चुराउणा Curauna [3] **सक० क्रि०**
चोरयति / ते (चुरादि सक०) चुराना, चोरी करना।

ਚੁਰਾਸੀ चुरासी Curasi [3] **वि०**
चतुरशीति (स्त्री०) चौरासी, 84 संख्या या इससे युक्त।

ਚੁਰਾਸੀਵਾਂ चुरासिवाँ Crasiva [3] **वि०**
चतुरशीतितम (वि०) चौरासीवाँ।

ਚੁਰਾਹਾ चुराहा Curaha [3] **पुं०**
चतुष्पथ (पुं०) चौराहा; चौमुहानी।

ਚੁਰਾਨਵੇਂ चुरान्वें Curanvē [3] **वि०**

चतुर्णवति (स्त्री०) चौरानवें, 94 संख्या या इससे परिच्छिन्न वस्तु।

ਚੁਰੰਗਾ चुरंगा Curṅgā [3] पुं०
चतूरङ्ग (वि०) चौरंगा, चार रंगों वाला।

ਚੁਰੰਞਾ चुरंजा Curañjā [3] वि०
चतुःपञ्चाशत् (स्त्री०) चौवन, 54 संख्या से परिच्छिन्न कोई वस्तु।

ਛਨਿੱਛਰ छनिच्छर् Chanicchar [2] पुं०
शनैश्चर (पुं०) शनिग्रह; शनिवार।

ਚੁਲਾ चुला Culā [3] पुं०
चुलुक (पुं०) चुल्लू, अञ्जलि; छोटा बर्तन।

ਚੁਲੀ चुली Culī [3] स्त्री०
चुलुक (पुं०) चुल्लू, मुँहभर जल; अञ्जली।

ਚੁੱਲ੍ਹ चुल्ह् Cullh [2] पुं०
चुल्लि (स्त्री०) बड़ा चूल्हा।

ਚੁਲ੍ਹਾ चुल्हा Culhā [3] पुं०
चुल्लि (स्त्री०) चूल्हा।

ਚੁੱਲ੍ਹੀ चुल्ही Cullhī [1] स्त्री०
चुल्लिका (स्त्री०) चुल्ही, छोटा चूल्हा।

ਚੂਸਣਾ चूस्णा Cūsṇā [2] सक० क्रि०
चूषति (भ्वादि सक०) चूसना।

ਚੂਸੂ चूसू Cūsū [3] वि०
चूषक (वि०) चूसने वाला।

ਚੂਚੀ चूची Cucī [3] स्त्री०
चूचुक (नपुं०) स्तन, स्तनाग्रभाग, चूची के ऊपर की घुण्डी।

ਚੂੰਡਣਾ चूण्ड्णा Cūṇḍṇā [3] सक० क्रि०
चुण्टति/चुण्टयति (भ्वादि/चुरादि सक०) चूर-चूर करना; कतरना; तोड़ना; चुटिया भरना; नोचना।

ਚੂੰਡਾ चूण्डा Cūṇḍā [3] पुं०
चूडा (स्त्री०) जूड़ा; चोटी; चुटिया; चूडाकरण संस्कार; मुर्गा या मोर के सिर की कलँगी।

ਚੂੰਡੀ चूण्डी Cūṇḍī [3] स्त्री०
चुण्टा/चुण्डा (स्त्री०) चूँटी; थोड़ी सी मात्रा; हौज; छोटा कुआँ; छोटी तलैया।

ਚੂਨ चून् Cūn [3] पुं०
चूर्ण (नपुं०) चून, गेहूँ आदि का पिसा हुआ आटा; चूरा; धूल।

ਚੂਨਾ चूना Cūnā [3] पुं०
चूर्ण (पुं०) चूना, खड़िया।

ਚੂਰ चूर् Cūr [3] पुं०
चूर्ण (नपुं०) बारीक कण; धूलि।

ਚੂਰਣਾ चूर्णा Cūrṇā [3] सक०/अक० क्रि०
चूर्यते (दिवादि सक०/अक०) सक०—चूर्ण करना, धूल बना देना; जलाना, भस्म करना। अक०—चूरना; दाल आदि का गलना।

ਚੂਰਨ चूरन् Cūran [3] पुं०
चूर्ण (नपुं०) चूर्ण, चूरन, घिसा हुआ चन्दन; खुशबूदार चूर्ण; धूवल।

ਚੂਰਨਾ चूर्ना Cūrnā [3] सक० क्रि०
द्र०—ਚੂਰਣਾ।

ਚੂਰਾ चूरा Cūrā]3] पुं०
चूर्ण (पुं०, नपुं०) चूर्ण, चूरा; खुशबूदार चूर्ण, पावडर।

ਚੂਲ चूल् Cūl [3] पुं०
क्षुद्र/छिद्र (नपुं०) चूल, लकड़ी आदि के पाये इत्यादि का छिद्र।

ਚੂੜ चूड़् Cūṛ [3] स्त्री०
चूडा (स्त्री०) चोटी, शिखा; कलँगी।

ਚੂੜਾ चूड़ा Cūṛā [3] पुं०
चूडा (स्त्री०) कलाई का आभूषण, चूड़ी; कंकण, वलय।

ਚੂੜਾਮਣੀ चूड़ामणी Cūṛāmaṇī [3] पुं०
चूडामणि (पुं०) चूड़ामणि या जूड़े में धारण करने का मणिजटित आभूषण-विशेष; सर्वोत्तम, सर्वोत्कृष्ट।

ਚੂੜੀ चूड़ी Cūṛī [3] स्त्री०
द्र०—ਚੂੜਾ।

ਚੇਸ਼ਟਾ चेश्टा Ceśṭā [3] स्त्री०
चेष्टा (स्त्री०) यत्न, उद्योग; हाव-भाव; आचरण।

ਚੇਤ चेत् Cet [3] पुं०
चैत्र (पुं०) चैत्र मास जिससे नया विक्रम संवत् प्रारम्भ होता है।

ਚੇਤਕੀ चेत्की Cetkī [3] स्त्री०
चैत्रकीय (वि०) चैत महीने में पकने वाली फसल।

ਚੇਤਣਾ चेत्णा Cetṇā [3] सक० क्रि०
चेतयते (चुरादि सक०) चिन्तन करना, विचार करना; स्मरण करना।

ਚੇਤਨ चेतन् Cetan [3] वि०/पुं०
चेतन (वि०/पुं०) वि०—चेतन, सजीव, जीवित; दृश्यमान्। पुं०—जीवित प्राणी; जीवात्मा; मन; परमात्मा।

ਚੇਤਨਤਾ चेतन्ता Cetantā [3] स्त्री०
चेतनता (वि०) चेतनता, संज्ञा; समझ; सजीवता।

ਚੇਤਰ चेतर् Cetar [3] पुं०
चैत्र (पुं०) चैत्र मास, जिससे नये विक्रम संवत् का प्रारम्भ होता है।

ਚੇਤੀ चेती Cetī [3] वि०
चैत्रीय (वि०) चैत्रमास से संबन्धित या उस मास में पकने वाली फसल।

ਚੇਤੰਨ चेतन्न् Cetann [3] वि०
चेतन (वि०) चेतन, सजीव, जीवित।

ਚੇਤੰਨੀ चेतन्नी Cetannī [3] स्त्री०
चैतन्य (नपुं०) चेतनता, सजीवता, संज्ञा।

ਰਾ चेरा Cerā [1] पुं०
चेट (पुं०) दास, नौकर।

ਲਾ चेला Celā [3] पुं०
चेटक (पुं०) चेला, शिष्य।

ਸਾ चोसा Cosā [3] वि०
चोष्य (वि०) चूसने योग्य, स्वादिष्ट, स्वादु, रुचिकर।

ਚੋੱਖਾ चोक्खा Cokkhā [3] पुं०
चोक्ष (वि०) अच्छा; साफ सुथरा; शुद्ध; सच्चा; चतुर; प्रिय; मनोहर; तेज।

ਚੋਜ चोज् Coj [3] पुं०
चेतोज (पुं०) उत्साह; कौतुक।

ਚੋਟ चोट् Coṭ [3] स्त्री०
चोट (पुं०) चोट, घाव, जख्म; आघात।

ਚੋਟੀ चोटी Coṭī [2] स्त्री०
चूडा (स्त्री०) शिखर, चोटी; शिखा, चुटिया; केशों का जूड़ा।

ਚੋਣਾ[1] चोणा Coṇā [3] अक० क्रि०
च्यवते (भ्वादि अक०) चूना, रिसना टपकना।

ਚੋਣਾ[2] चोणा Coṇā [3] सक० क्रि०
च्यावयति/ते (भ्वादि० प्रेर०) चुवाना, टपकाना; दोहन करना।

ਚੋਬਾ चोबा Cobā [2] पुं०
चतुर्वेद (पुं०/वि०) पुं०—चौबे ब्राह्मण, ब्राह्मणों का एक वर्ग। वि०—चारों वेदों का अध्येता या ज्ञाता।

ਚੋਮਾਹਾ चोमाहा Comāhā [3] पुं०
द्र०—ਚੁਮਾਸਾ।

ਚੋਰ चोर् Cor [3] पुं०
चोर (पुं०) चोर, चोरी करने वाला।

ਚੋਰੀ चोरी Corī [3] स्त्री०
चौर्य (नपुं०) चोरी, चोर का कर्म।

ਚੋਲਾ चोला Colā [3] पुं०
चोड/चोल (पुं०) चोला, कुर्ता, जैकेट।

ਚੋਲੀ चोली Colī [3] स्त्री०
चोली (स्त्री०) चोली, कुर्ती, अँगिया।

ਚੌਸਰ चौसर् Causar [3] पुं०
चतुस्सारि (पुं०) चौपड़, चौपड़ का खेल।

ਚੌਸਾ[1] चौसा Causā [3] पुं०
चोष्य (वि०) चौसा, एक प्रकार का आम।

ਚੌਸਾ[2] चौसा Causā [3] पुं०
चतुरस्रिका (स्त्री०) बढ़ई का उपकरण विशेष, जिससे लकड़ी में चौकोर छिद्र किया जाता है।

ਚੌਸੀਮਾ चौसीमा Causīmā [3] स्त्री०
चतुस्सीमा (स्त्री०) चारों तरफ की सीमा, चारों ओर की हद।

ਚੌਂਹਟ चौंहट् Caũhaṭ [3] पुं०
चतुष्षष्टि (स्त्री०) चौसठ, 64 संख्या या इससे परिच्छिन्न वस्तु।

ਚੌਹੱਟਾ चौहट्टा Cauhaṭṭā [1] पुं०
चतुर्हट्ट (पुं०) चौराहे पर स्थित हाट चौराहे का बाजार।

ਚੌਂਹਠ चौंहठ् Caũhaṭh [1] **वि०**
द्र०—ਚੌਂਹਟ।

ਚੌਂਕ चौंक् Caũk [3] **पुं०**
चतुष्क (नपुं०) चौक, चौराहा।

ਚੌਂਕਾ चौंका Caũka [3] **पुं०**
चतुष्क (नपुं०) चौका, रोटी बेलने का काठ का गोलाकार चौका; चार का अंक।

ਚੌਂਕੀ चौंकी Caũkī [3] **स्त्री०**
चतुष्की (स्त्री०) चौकी, लकड़ी का तख्त।

ਚੌਕੋਣਾ चौकोणा Caukoṇa [3] **पुं०**
चतुष्कोण (वि०) चौकोना, चार कोने वाला।

ਚੌਖਟ चौखट् Caukhaṭ [3] **स्त्री०**
चतुष्काष्ठ (नपुं०) चौखठ, द्वार-फ्रेम।

ਚੌਖਰ चौखर् Caukhar [1] **पुं०**
चतुष्खुर (पुं०) चार खुरों का पशु।

ਚੌਗਣਾ चौगणा Caugṇa [3] **पुं०**
द्र० —ਚੌਗੁਣਾ।

ਚੌਗੁਣਾ चौगुणा Cauguṇa [3] **पुं०**
चतुर्गुण (वि०) चौगुना, चतुर्गुणित।

ਚੌਣਾ चौणा Cauṇa [3] **पुं०**
चतुर्गुण (वि०) चौगुणा; चौड़ा।

ਚੌਤਰੀ चौत्री Cautrī [1] **स्त्री०**
चतुस्त्रिंशत् (स्त्री०) चौंतीस (34) संख्या या इससे परिच्छिन्न वस्तु।

ਚੌਤਾਰ चौतार् Cautār [3] **पुं०**
चतुस्ताल (पुं०) चौताल, संगीत का एक गायन-प्रकार या एक ताल।

ਚੌਤਾਲ चौताल् Cautāl [3] **पुं०**
द्र०—ਚੌਤਾਰ।

ਚੌਤਾਲੀ चौताली Cautālī [3] **वि०**
चतुश्चत्वारिंशत् (स्त्री०) चौवालीस (44) संख्या या इससे परिच्छिन्न वस्तु।

ਚੌਂਤੀ चौंती Caũtī [3] **वि०**
चतुस्त्रिंशत् (स्त्री०) चौंतीस (34) संख्या या इससे परिच्छिन्न वस्तु।

ਚੌੱਤੀ चौत्ती Cauttī [3] **स्त्री०**
द्र०—ਚੌਤਰੀ।

ਚੌਥ चौथ् Cauth [3] **स्त्री०**
चतुर्थी (स्त्री०) चौथ, चान्द्रमास की एक तिथि; भाद्रपद शुक्ल की चतुर्थी तिथि जिसे पत्थर चौथ कहते हैं।

ਚੌਥਾ चौथा Cauthā [3] **पुं०**
चतुर्थ (वि०) चौथा, चतुर्थ।

ਚੌਥਾਈ चौथाई Cauthāī [3] **स्त्री०**
द्र०—ਚੁਥਾਈ।

ਚੌਦਸ[1] चौदस् Caudas [3] **स्त्री०**
चतुर्दशी (स्त्री०) चान्द्रमास की चतुर्दशी तिथि, चौदहवीं तिथि।

ਚੌਦਸ਼ चौदश् Caudaś [3] **वि०**

चतुर्दशन् (वि०) चौदह (14) संख्या या इससे परिच्छिन्न वस्तु।

ਚੌਦਰਾ चौद्रा Caudrā [3] **वि०**
चतुर्द्वार (वि०) चार द्वारों वाला, जिसमें चारों ओर से दरवाजे हों।

ਚੌਦਾਂ चौदाँ Caudā̃ [3] **पुं०**
चतुर्दशन् (वि०) चौदह (14) संख्या या इससे परिच्छिन्न वस्तु।

ਚੌਦੇਂ चौदें Caudẽ [3] **स्त्री०**
चतुर्दशी (स्त्री०) चन्द्रमास की चौदहवीं तिथि।

ਚੌਦ੍ਹਵਾਂ चौदह्वाँ Caudhvā̃ [3] **पुं०**
चतुर्दश (वि०) चौदहवाँ।

ਚੌਧਰਨੀ चौधर्नी Caudharnī [3] **स्त्री०**
चतुर्धरी (स्त्री०) चौधरानी, मुखिया या प्रधान की स्त्री।

ਚੌਧਰੀ चौधुरी Caudhrī [3] **पुं०**
चतुर्धर (पुं०) चौधरी, मुखिया; जाति विशेष।

ਚੌਧਵਾਂ चौध्वाँ Caudhvā̃ [3] **पुं०**
चतुर्दश (वि०) चौदहवाँ।

ਚੌਪਈ चौपई Caupaī [3] **स्त्री०**
चतुष्पदी (स्त्री०) चौपाई; चार चरणों वाली कविता।

ਚੌਂਪਕਲੀ चौंप्कली Caũpkalī [3] **स्त्री०**
चम्पाकली (स्त्री०) चम्पाकली, चम्पा पुष्प की कलिका।

ਚੌਪਟ चौपट् Caupaṭ [3] **पुं०**
चतुष्पट्ट (पुं०) चौकोर वस्त्र; रेशमी वस्त्र।

ਚੌਪੱਤਾ चौपत्ता Caupattā [2] **पुं०**
द्र०—चुपੱਤਾ।

ਚੌਪੱਤੀ चौपत्ती Caupattī [2] **स्त्री०**
द्र०—चुपੱਤੀ।

ਚੌਪੜ चौपड़् Caupaṛ [3] **पुं०**
चतुष्पट (पु०) चौपड़, पासा खेलने का वस्त्र।

ਚੌਪਾਇਆ चौपाइआ Caupāiā [2] **पुं०**
चतुष्पाद (पुं०) चार पैरों वाला, चौपाया, पशु।

ਚੌਪਾਈ चौपाई Caupāī [3] **स्त्री०**
चतुष्पादिका (स्त्री०) चार पंक्तियों या चरणों का पद्य; चौपाई।

ਚੌਬਾ चौबा Caubā [3] **पुं०**
चतुर्वेदिन् (वि०/पुं०) वि०—चार वेदों का ज्ञाता। पुं०—ब्राह्मणों की एक उपाधि।

ਚੌਬਾਰਾ चौबारा Caubārā [1] **पुं०**
द्र०—चुबारा।

ਚੌਬੀ चौबी Caubī [3] **वि०**
चतुर्विंशति (स्त्री०) चौबीस (24) संख्या या इससे परिच्छिन्न वस्तु।

ਚੌਮਾਸਾ चौमासा Caumasa [3] **पुं०**
द्र०—ਚੁਮਾਸਾ ।

ਚੌਮਾਸੀ चौमासी Caumasī [3] **वि०**
चातुर्मासिक (वि०) चौमासी, चार मास में समाप्य; चार मास से सम्बन्धित ।

ਚੌਮੁਖਾ चौमुखा Caumukha [3] **पुं०**
चतुर्मुख (वि०) चौमुखा, चार मुखों वाला; चार द्वारों वाला ।

ਚੌਮੁੱਖਾ चौमुक्खा Caumukkha [3] **वि०**
द्र०—ਚੌਮੁਖਾ ।

ਚੌਰ चौर् Caur [3] **पुं०**
चामर (पुं०, नपुं०) चँवर, चामर ।

ਚੌਰਸ चौरस् Cauras [3] **पुं०**
चतुरस्र (पुं०) चार कोने वाला, चतुष्कोण; वर्गाकार ।

ਚੌਰਾਸੀ चौरासी Caurasī [3] **वि०**
चतुरशीति (स्त्री०) चौरासी (84) संख्या या इससे परिच्छिन्न संख्येय ।

ਚੌਰੀ चौरी Caurī [3] **स्त्री०**
द्र०—ਚੌਵਰੀ ।

ਚੌਲ चौल् Caul [2] **पुं०**
तण्डुल (पुं०) चावल, तण्डुल ।

ਚੌਵੀ चौवी Cauvī [3] **स्त्री०**
चतुर्विंशति (स्त्री०) चौवीस (24) संख्या या इससे परिच्छिन्न वस्तु ।

ਚੌਵੀਹਾ चौवीहा Cauvīha [3] **पुं०**
चतुर्विंश (वि०) चौबीसवाँ ।

ਚੌਵੀਹਵਾਂ चौवीह्वाँ Cauvīhvā̃ [3] **वि०**
द्र०—ਚੌਵੀਹਾ ।

ਚੌੜਾ चौड़ा Cauṛa [3] **पुं०**
चतुष्पथ (पुं०) चौड़ा; चौराहा ।

ਚੰਗੜਾ चंगड़ा Caṅgṛa [2] **पुं०**
चङ्ग (वि०) चंगा; अच्छा; नीरोग, हृष्ट-पुष्ट ।

ਚੰਗਾ चंगा Caṅga [3] **पुं०**
चङ्ग (वि०) स्वस्थ; अच्छा ।

ਚੰਗੇਰ चंगेर् Caṅger [3] **स्त्री०**
चङ्गेरी (स्त्री०) टोकरी ।

ਚੰਗੇਰਾ चंगेरा Caṅgera [3] **पुं०**
चङ्गतर (पुं०) अधिक अच्छा, अधिक स्वस्थ ।

ਚੰਘਾੜ चंघाड़् Caṅghaṛ [1] **स्त्री०**
चीत्कार (पुं०) चिग्घाड़, जोर की ध्वनि; दहाड़ ।

ਚੰਚਲ चंचल् Cañcal [3] **वि०**
चञ्चल (वि०) चंचल, अस्थिर, चपल ।

ਚੰਡਾਲ चण्डाल् Caṇḍal [3] **पुं०**
चाण्डाल (पुं०/वि०) पुं०—चाण्डाल, अन्त्यज वर्ण में सबसे नीची जाति, डोम । वि०—क्रूर, नीच कर्म करने वाला व्यक्ति ।

ਚੰਡਾਲਣ चण्डालण् Candalaṇ [3] स्त्री०
चाण्डाली (स्त्री०) चाण्डाल की पत्नी, डोमिन; निम्न कर्म करने वाली स्त्री।

ਚੰਡਾਲਣੀ चण्डाल्णी Candalṇi [3] स्त्री०
द्र०—ਚੰਡਾਲਣ।

ਚੰਦ चन्द् Cand [3] पुं०
चन्द्र (पुं०) चन्द्रमा, चाँद।

ਚੰਦਗ੍ਰਹਿਣ चन्दग्रैह्‌ण् Candagraihṇ [3] पुं०
चन्द्रग्रहण (नपुं०) चन्द्रग्रहण, पौराणिक मत से राहु द्वारा चन्द्रमा का ग्रसन।

ਚੰਦਨ चन्दन् Candan [3] पुं०
चन्दन (पुं०, नपुं०) चन्दन, एक वृक्ष जिसकी लकड़ी सुगन्धित होती है, सन्दल।

ਚੰਦਰਮਾ चन्दर्मा Candarma [3] पुं०
चन्द्रमस् (पुं०) चन्द्रमा, चाँद।

ਚੰਦੋਆ चंदोआ Candoa [3] पुं०
चन्द्रोदय (पुं०) चाँदनी, चन्द्रोदय; ऊपर तानने का वस्त्र, चाँदनी वस्त्र।

ਚੰਨ चन्न् Cann [3] पुं०
द्र०—ਚੰਦ।

ਚੰਨਣ चन्नण् Cannaṇ [3] पुं०
चन्दन (पुं०, नपुं०) चन्दन, एक वृक्ष जिसकी लकड़ी सुगन्धित होती है, संदल।

ਚੰਪਾ चम्पा Campa [2] पुं०
चम्पक (पुं० / नपुं०) पुं०—चम्पा का वृक्ष। नपुं०—चम्पा का फूल।

ਚੰਬਾ चम्बा Camba [3] पुं०
द्र०—ਚੰਪਾ।

ਚੰਬੇਲੀ चँबेली Cambelī [3] स्त्री०
चम्पवेल्लि (स्त्री०) चमेली, मालती लता या पुष्प।

ਚੰਮ चम्म् Camm [3] पुं०
चर्मन् (नपुं०) चमड़ा, चाम, खाल, त्वचा।

ਚੰਵਰ चँवर् Cāvar [3] पुं०
चमर (पुं०) चँवर, चमरी गाय की पूँछ।

ਚੰਵਰੀ चँव्‌री Cāvri [3] स्त्री०
चामर (नपुं०) चँवर, चौरी।

ਛ

ਛਹਿਣਾ छहिणा Chahiṇa [3] अक० क्रि०
क्षयति (भ्वादि अक०) क्षय होना, नष्ट होना; कम होना; छिपना।

ਛਕਣਾ छकणा Chakṇa [3] सक० क्रि०
छमति (भ्वादि सक०) खाना, भोजन करना, तृप्त होना।

ਛਕੜਾ छकड़ा Chakṛā [3] पुं०
शकट (नपुं०, नपुं०) छकड़ा, बैलगाड़ी।

ਛਕਾਉਣਾ छकाउणा Chakāuṇā [3] सक० क्रि०
छमयति (भ्वादि प्रेर०) भोजन कराना, तृप्त करना।

ਛੱਕਾ छक्का Chakkā [3] पुं०
षट्क (नपुं०) छः का समूह अथवा समवाय।

ਛਛੂੰਦਰ छछूँदर् Chachūdar [3] स्त्री०
चुच्छुन्दरी (स्त्री०) छछूँदर, चूहे की जाति का जन्तु विशेष।

ਛੱਜਾ छज्जा Chajjā [3] पुं०
छदि (स्त्री०) छज्जा, बराण्डे आदि से आगे की ओर निकली हुई छत।

ਛਟ छट् Chaṭ [3] स्त्री०
षष्ठी (स्त्री०) षष्ठी तिथि या छठ व्रत।

ਛਟਾਂਕ छटाँक् Chaṭāk [3] पुं०
षट्टङ्क (पु०) छटाँक, सेर का 16वाँ भाग।

ਛਟੀ छटी Chaṭī [3] स्त्री०
षष्ठी (स्त्री०) षष्ठी, छठवीं।

ਛੱਟਣਾ छट्टणा Chaṭṭaṇā [3] सक० क्रि०
छुटति (तुदादि सक०) अन्न आदि को मूसल से छाँटना या साफ करना।

ਛਠ छठ् Chaṭh [3] स्त्री०
द्र०—ਛਠੀ।

ਛਠੀ छठी Chaṭhī [3] स्त्री०
षष्ठी (स्त्री०) षष्ठी तिथि, चान्द्रमास की छठी तिथि; नामकरण सस्कार का दिन; छठ व्रत।

ਛੱਡਣਾ छड्डणा Chaḍḍaṇā [3] सक० क्रि०
क्ष्विडयति (दिवादि सक०) छोड़ना, त्यागना।

ਛਣਨਾ छण्ना Chaṇnā [3] सक० क्रि०
स्रवति (भ्वादि सक०) चूना, टपकना; बहना।

ਛਤਰ छतर् Chatar [3] पुं०
छत्र (नपुं०) छत्र, राजचिह्न।

ਛਤਾਲੀ छताली Chatālī [3] वि०
षट्चत्वारिंशत् (स्त्री०) छियालिस (46) संख्या या इससे परिच्छिन्न वस्तु।

ਛੱਤ छत्त् Chatt [3] स्त्री०
छत्ति (स्त्री०) छत, छज्जा; छादन।

ਛੱਤਕ छत्तक् Chattak [3] पुं०
छत्रक (नपुं०) छत्ता, शहद का छत्ता; कुकुरमुत्ता; छतरी।

ਛੱਤਰੀ छत्त्री Chattrī [3] पुं०
क्षत्रिय (पुं०) क्षत्रिय, चार वर्णों में द्वितीय वर्ण, राजपूत।

ਛੱਤਾ छत्ता Chattā [3] पुं०
छत्र (नपुं०) छाता, छतरी; मधुमक्खियों का छत्ता।

ਛੱਤੀਸ छत्तीस् Chattīs [3] वि०
षट्त्रिंशत् (स्त्री०) छत्तीस (36) संख्या या इससे परिच्छिन्न वस्तु ।

ਛਦਮ छद्म् Chadam [3] पुं०
छद्मन् (नपुं०) छद्म, छल, कपट, धोखा; लुकाव-छिपाव; व्याज, बहाना ।

ਛਨਿੱਛਰ छनिच्छर् Chanicchar [2] पुं०
शनैश्चर (पुं०) शनिग्रह, शनिवार ।

ਛਨਿੱਛਰਵਾਰ छनिच्छर्वार् Chanichharvār [3] पुं०
शनैश्चरवार (नपुं०) शनिवार ।

ਛਪੰਜਾ छपञ्जा Chapañja [3] वि०
षट्पञ्चाशत् (स्त्री०) छप्पन (56) संख्या या इससे परिच्छिन्न संख्येय वस्तु ।

ਛੱਪਰ छप्पर् Chappar [3] पुं०
छत्वर (पुं०) घास फूस का छप्पर; झोंपड़ी; घर; लतामण्डप ।

ਛੱਪਰੀ छप्परी Chappari [3] स्त्री०
छत्वरी (स्त्री०) छोटा छप्पर, झोंपड़ी ।

ਛਬ छब् Chab [2] स्त्री०
छवि (स्त्री०) छवि, शोभा ।

ਛੱਬੀ छब्बी Chabbī [3] वि०
षड्विंशति (स्त्री०) छब्बीस (26) संख्या या इससे परिच्छिन्न वस्तु ।

ਛੱਬੀਵਾਂ छब्बीवाँ Chabbīvā̃ [3] पुं०
षड्विंशतितम (वि०) छब्बीसवाँ, 26वाँ

ਛਮੱਛਰੀ छमच्छरी Chamacchari [3] स्त्री०
संवत्सरी (स्त्री०) जैनियों का सवत्सरं नामक पर्व ।

ਛਮਾ छमा Chama [1] स्त्री०
क्षमा (स्त्री०) क्षमा, सहनशीलता, धैर्य

ਛੱਰਾ छर्रा Charra [3] स्त्री०
क्षरहरा (स्त्री०) छर्रा, बन्दूक की गोली

ਛਲ छल् Chal [3] पुं०
छल (नपुं०) छल, धोखा, कपट ।

ਛਲਣਾ छल्णा Chalṇa [3] सक० क्रि०
छलयति (नामधातु०) छलना, धोखा देना ।

ਛਲਨਾ छल्ना Chalna [3] सक० क्रि०
द्र०—ਛਲਣਾ ।

ਛਲਨੀ छल्नी Chalnī [2] स्त्री०
चालनी (स्त्री०) चालनी, छाननी ।

ਛਲੀ छली Chali [1] वि०
छलिन् (वि०) छली, कपटी, धोखेबाज

ਛਲੀਆ छलिआ Chalia [3] वि०
छलिन् (वि०) छली, कपटी, धोखेबाज

ਛਵੰਜਾ छवंजा Chavañja [1] वि०
द्र०—ਛਪੰਜਾ ।

ਛੜੀ छड़ी Chaṛi [3] स्त्री०
यष्टि (स्त्री०) छड़ी, सोटी, यष्टिका

ਛਾ ¹ छा Chā̃ [3] स्त्री०
छाया (स्त्री०) छाया, परछाई।

ਛਾਉਂ छाऊँ Chāū̃ [3] स्त्री०
द्र०—ਛਾਂ।

ਛਾਉਣਾ छाउणा Chāuṇā [3] अक० क्रि०
छादयति / ते (चुरादि अक०) छाना, ढकना, आच्छादन करना।

ਛਾਉਣੀ छाउणी Chāuṇī [3] स्त्री०
छादन (नपुं०) छाजन, छाउणी, आच्छादन।

ਛਾਇਆ छाइआ Chāiā [3] स्त्री०
द्र०—ਛਾਂ।

ਛਾਇਆਵਾਨ छाइआवान् Chāiāvān [3] वि०
छायावत् (वि०) छायावाला, छायेदार; सामियाना, तम्बू।

ਛਾਈ छाई Chāī [2] स्त्री०
छादि (स्त्री०) छाई, राख, भस्म।

ਛਾਹ छाह् Chāh [3] स्त्री०
छच्छिका (स्त्री०) छाछ, तक्र, मट्ठा।

ਛਾਂਗਾ छाँगा Chā̃gā [3] पुं०
षडङ्गुलिक (वि०) छः अंगुलियों वाला।

ਛਾਂਟਣਾ छाँट्णा Chā̃ṭṇā [3] सक० क्रि०
छन्दति (भ्वादि, चुरादि सक०) छाँटना, अलग करना।

ਛਾਤਰ छातर् Chātar [3] पुं०
छात्र (पुं०) छात्र, शिष्य, विद्यार्थी।

ਛਾਤਰਾ छात्रा Chātrā [3] स्त्री०
छात्रा (स्त्री०) छात्रा, शिष्या, विद्यार्थिनी।

ਛਾਤਾ छाता Chātā [3] पुं०
द्र०—ਛੱਤਾ।

ਛਾਨਣੀ छान्णी Chānṇī [3] स्त्री०
चालनी (स्त्री०) चालनी, चलनी, आटा आदि छानने का साधन।

ਛਾਲਣੀ छाल्णी Chālṇī [3] स्त्री०
चालनी (स्त्री०) चलनी, आटा आदि चालने का साधन।

ਛਾਲਾ छाला Chālā [3] पुं०
छल्लि/छल्ली (स्त्री०) छाल, छिलका।

ਛਿਆਉਣਾ छ्याउणा Chyāuṇā [3] पुं०
षड्गुण (वि०) छह गुना।

ਛਿਆਸੀ छ्यासी Chyāsī [3] वि०
षडशीति (स्त्री०) छियासी, 86 संख्या या इससे परिच्छिन्न वस्तु।

ਛਿਆਹਟ छ्याहट् Chyāhaṭ [3] वि०
षट्षष्टि (स्त्री०) छियासठ, 66 संख्या या इससे परिच्छिन्न वस्तु।

ਛਿਆਹਠ छ्याहठ् Chyāhaṭh [1] वि०
द्र०— ਛਿਆਹਟ।

ਛਿਆਨਵੇਂ छ्यानवें Chyānvẽ [3] वि०
षण्णवति (स्त्री०) छियानबे, 96 संख्या या इससे परिच्छिन्न वस्तु।

ਛਿਆਲੀ छयाली Chyali [3] **वि०**
षट्चत्वारिंशत् (स्त्री०) छियालीस, 46 संख्या या इससे परिच्छिन्न वस्तु ।

ਛਿਹੱਤਰ छिहत्तर् Chihattar [3] **वि०**
षट्सप्तति (स्त्री०) छिहत्तर, 76 संख्या या इससे परिच्छिन्न वस्तु ।

ਛਿਕੜਾ छिकड़ा Chikṛa [2] **पुं०**
शकट (पुं०, नपुं०) छकड़ा, बैलगाड़ी ।

ਛਿਕੋਣ छिकोण् Chikon [3] **पुं०**
षट्कोण (नपुं०/वि०) नपुं०—षट्कोण, छह कोण । वि०—छह कोणों वाला ।

ਛਿੱਕ छिक्क् Chikk [3] **स्त्री०**
छिक्का (स्त्री०) छींक, जुकाम आदि के कारण होने वाली नाक की ध्वनि ।

ਛਿੱਕਾ[1] छिक्का Chikka [3] **पुं०**
शिक्य (नपुं०) छिक्का, सिकहर, दूध-दही के भाण्ड को रखने का स्थान ।

ਛਿੱਕਾ[2] छिक्का Chikka [3] **पुं०**
षट्क (नपुं०) छः का समूह; ताश का छक्का ।

ਛਿੱਕੀ छिक्की Chikki [3] **स्त्री०**
द्र०—ਛਿੱਕਾ[1] ।

ਛਿੱਕੂ छिक्कू Chikkū [3] **पुं०**
द्र०—ਛਿੱਕਾ[1] ।

ਛਿਗੁਣਾ छिगुणा Chiguṇa [3] **पुं०**
षड्गुण (वि०) छह गुना ।

ਛਿੱਜਣਾ छिज्जणा Chijjna [3] **अक० क्रि०**
छिद्यते (रुधादि कर्मवा०) पृथक् होना; फट जाना ।

ਛਿੱਟਾ छिट्टा Chiṭṭa [3] **पुं०**
श्वित्र (नपुं०) छींटा; दाग; कलंक ।

ਛਿਣ छिण् Chiṇ [3] **पुं०**
क्षण (नपुं०) क्षण, निमेष, सूक्ष्म काल ।

ਛਿਣ-ਭੰਗਰ छिण्-भंगर् Chiṇ Bhangar [3] **वि०**
क्षणभङ्गुर (वि०) क्षणभंगुर, नश्वर, नाशवान् ।

ਛਿਣ-ਮਾਤਰ छिण्-मातर् Chiṇ-Matar [3] **क्रि० वि०**
क्षणमात्र (क्रि० वि०) क्षणमात्र, क्षणभर ।

ਛਿਤਾਲੀ छिताली Chitali [3] **वि०**
षट्चत्वारिंशत् (स्त्री०) छियालीस, 46 संख्या या इससे परिच्छिन्न वस्तु ।

ਛਿਦਣਾ छिद्णा Chidṇa [3] **सक० क्रि०**
छेदयति/ते (चुरादि सक०) छेदना, छेद करना; कतरना ।

ਛਿਦਰਾ छिद्रा Chidra [3] **पुं०**
द्र०—ਛਿੱਦਾ ।

ਛਿੱਦਰ छिद्दर् Chiddar [3] **पुं०**
छिद्र (नपुं०) छेद, सुराख, अवकाश ।

ਛਿੱਦਾ छिद्दा Chidda [3] **पुं०**
छिद्र (वि०) छिदा हुआ, छेददार ।

ਛਿਨਾਲ छिनाल् Chinal [3] **स्त्री०**
छिन्ननारी (स्त्री०) व्यभिचारिणी स्त्री, दुश्चरित्र स्त्री ।

ਛਿਮਾਹਰ छिमाहर् Chimahar [3] **वि०**
षाण्मासिक (वि०) छमाही, छः मास में होने वाला, अर्द्धवार्षिक ।

ਛਿਮਾਹੀ छिमाही Chimāhī [3] **स्त्री०**
षाण्मासिकी (स्त्री०) छः महीने में होने वाली, अर्द्धवार्षिकी ।

ਛਿਲਕਾ छिल्का Chilka [3] **पुं०**
शल्क (नपुं०) छिल्का, ऊपरी परत; त्वचा ।

ਛਿਲਾਰ छिलार् Chilār [3] **पुं०**
छगल (पुं०) बकरी का बच्चा, अज-शिशु ।

ਛਿਲਾਰੂ छिलारू Chilarū [3] **स्त्री०**
द्र०—ਛਿਲਾਰ ।

ਛੀ छी Chī [2] **वि०**
षष् (वि०) छह, 6 संख्या से परिच्छिन्न ।

ਛੀ-ਛੀ छी-छी Chī-Chī [3] **अ०**
छि (अ०) घृणा या आरोप सूचक शब्द ।

ਛੁਹ छुह् Chuh [3] **पुं०**
छोप/स्पर्श (पुं०) छूने का भाव, स्पर्श ।

ਛੁਹਣਾ छुह्णा Chuhṇā [3] **सक० क्रि०**
स्पृशति (तुदादि सक०) छूना, स्पर्श करना ।

ਛੁਹਾਰਾ छुहारा Chuhāra [3] **पुं०**
क्षारक (नपुं०) छुहारा, खजूर का फल ।

ਛੁਟੇਰਾ छुटेरा Chuṭera [3] **पुं०**
तुच्छतर (वि०) अपेक्षाकृत छोटा, बहुत छोटा ।

ਛੁਡਾਉਣਾ छुडाउणा Chudauṇa [3] **सक० क्रि०**
छुरति (तुदादि सक०) छुड़ाना, बन्धन-मुक्त करना; तोड़ना ।

ਛੁਰਾ छुरा Chura [3] **पुं०**
क्षुर (पुं०) छुरा, उस्तरा ।

ਛੁਰੀ छुरी Churī [3] **स्त्री०**
छुरिका (स्त्री०) छुरी, चाकू ।

ਛੂਹ छूह् Chūh [3] **स्त्री०**
द्र०—ਛੋਹ ।

ਛੂਛਕ छूछक् Chūchak [3] **स्त्री०**
सूतकीय (वि०) बच्चा पैदा होने के बाद माँ एवं बच्चे को उपहार में मिलने वाली वस्तुएँ ।

ਛੂਛਾ छूछा Chūcha [3] **पुं०**
तुच्छ (वि०) खाली, रिक्त; हल्का; छोटा; थोड़ा; नीच; निकम्मा ।

ਛੂਤ छूत् Chūt [3] **स्त्री०**
छुप्ति (स्त्री०) छूने का भाव, स्पर्श ।

ਛੇ छे Che [3] **वि०**
षष् (वि०) छः, 6 संख्या से परिच्छिन्न ।

ਛੇਕ छेक् Chek [3] पुं०
छेद (पुं०) छेद, छिद्र, सुराख।

ਛੇਕਣਾ छेक्णा Chekṇā [3] सक० क्रि०
छेदयति / ते (चुरादि सक०) खण्डन करना, बहिष्कार करना; छेद करना।

ਛੇਕਨਾ छेक्ना Chekna [3] सक० क्रि०
द्र०—ਛੇਕਣਾ।

ਛੇਕੜ छेकड़् Chekaṛ [3] स्त्री०
छेद (पुं०) छेद, सुराख; अन्त, अवसान।

ਛੇਜ छेज् Chej [1] स्त्री०
शय्या (स्त्री०) सेज, बिस्तर।

ਛੇਜਾ छेजा Chejā [3] पुं०
द्र०—ਛੇਜ।

ਛੇਤਰ छेतर् Chetar [1] पुं०
क्षेत्र (नपुं०) खेत, फसल उपजाने की भूमि।

ਛੇਦਣਾ छेद्णा Chedṇā [3] सक० क्रि०
छेदयति/ते (चुरादि सक०) छेदना, छेद करना; कतरना।

ਛੇਲ छेल् Chel [3] पुं०
छेलक (पुं०) छौना, मेमना।

ਛੇਲਾ छेला Chelā [3] पुं०
छगल (पुं०) छाग, बकरी का एक साल का बच्चा।

ਛੇਲੀ छेली Chelī [3] स्त्री०
छगली (स्त्री०) छागी, बकरी, बकरी की बच्ची।

ਛੇਵਾਂ छेवाँ Chevā̃ [3] पुं०
षष्ठ (वि०) छठा, छठवाँ।

ਛੈਣੀ छैणी Chaiṇī [3] स्त्री०
छेदनी (स्त्री०) छेनी, छेद करने का उपकरण।

ਛੋਹ छोह् Choh [3] स्त्री०
स्पर्श (पुं०) स्पर्श, छूने का भाव।

ਛੋਹਣਾ छोह्णा Chohṇā [3] सक० क्रि०
छुपति / स्पृशति (तुदादि सक०) छूना, स्पर्श करना।

ਛੋਹਰ छोहर् Chohar [1] पुं०
शावक (पुं०) शिशु; छोकरा, बच्चा।

ਛੋਕਰਾ छोक्रा Chokrā [3] पुं०
उत्सवकर (पुं०) छोकरा, लड़का।

ਛੋਕਰੀ छोक्री Chokrī [3] स्त्री०
उत्सवकरी (स्त्री०) छोकरी, लड़की, बच्ची।

ਛੌਰ छौर् Chaur [3] पुं०
क्षौर (पुं०) मुण्डन; मुण्डन-संस्कार।

ਛੰਤ छन्त् Chant [3] पुं०
छन्दस् (नपुं०) छन्द, वृत्त।

ਛੰਦ छन्द् Chand [3] पुं०
द्र०—ਛੰਤ।

ਛੰਦਕ छन्दक् Chandak [1] वि०
छान्दस (वि०) छन्द-सम्बन्धी; छन्दःशास्त्र का; वैदिक।

ਛੰਦ-ਬੱਧ छन्द् बद्ध् Chand-Badh [3] **वि०**
छन्दोबद्ध (वि०) छन्द में रची गयी कविता आदि।

ਛੰਦੋਗ छन्दोग् Chandog [3] **पुं०**
छान्दोग (वि०) सामवेद का गायक।

ਛੰਨ छन्न् Chann [3] **स्त्री०**
छन्नि (स्त्री०) घास-फूस का छप्पर, छान्ह।

ਜ

ਜਸ जस् Jas [3] **पुं०**
यशस् (नपुं०) यश, कीर्ति, बड़ाई।

ਜਸਪਤ जस्पत् Jaspat [3] **पुं०**
यशःपति (पुं०) यशस्वी, प्रसिद्ध।

ਜਸਪਤੀ जस्पती Jaspatī [3] **पुं०**
द्र०—ਜਸਪਤ।

ਜਸਵੰਤ जस्वन्त् Jasvant [3] **पुं०**
यशस्वत् (वि०) यश वाला, यशस्वी; प्रसिद्ध।

ਜਸੀ जसी Jasī [2] **वि०**
यशस्विन् (वि०) यशस्वी, ख्याति वाला।

ਜਹਾਉਣਾ जहाउणा Jahāuṇā [3] **सक० क्रि०**
यभयति (भ्वादि प्रेर०) मैथुन की प्रेरणा देना, संभोग कराना।

ਜਹਿਣਾ जहिणा Jahiṇā [3] **सक० क्रि०**
यभति (भ्वादि सक०) मैथुन करना, संभोग करना।

ਜਕੜਨਾ जकड़्ना Jakaṛnā [3] **सक० क्रि०**
यतते (भ्वादि सक०) जकड़ना, संयमित करना, बाँधना।

ਜੱਖ जक्ख् Jakkh [1] **पुं०**
यक्ष (पुं०) यक्ष, देवयोनि-विशेष।

ਜਗਾਉਣਾ जगाउणा Jagāuṇā [3] **सक० क्रि०**
जागरयति (अदादि प्रेर०) जगाना, नींद से उठाना।

ਜਗਾਦਿ जगादि Jagādi [1] **पुं०**
यज्ञादि (वि०) यज्ञ इत्यादि।

ਜਗਿਆਸਾ जग्यासा Jagyāsā [2] **स्त्री०**
द्र० ਜਿਗਿਆਸਾ।

ਜਗਿਆਸੂ जग्यासू Jagyāsū [3] **पुं०**
जिज्ञासु (वि०) जिज्ञासु, किसी बात को जानने का इच्छुक।

ਜੱਗ[1] जग्ग् Jagg [3] **पुं०**
जगत् (नपुं०) जगत्, संसार।

ਜੱਗ[2] जग्ग् Jagg [3] **पुं०**
यज्ञ (पुं०) यज्ञ, याग, धार्मिक अनुष्ठान।

ਜੱਗ-ਵੇਦੀ जग्ग्-बेदी Jagg-bedī [3] **स्त्री०**
यज्ञवेदी (स्त्री०) यज्ञ की वेदी, यज्ञ-स्थल।

ਜਗ-ਵੇਦੀ जग्-वेदी Jagg-vedi [3] स्त्री०
द्र०—ਜੱਗ-ਵੇਦੀ ।

ਜਜਮਾਨ जज्मान् Jajman [3] पुं०
यजमान (पुं०) यजमान, यज्ञ का फल-भोक्ता ।

ਜਜਮਾਨੀ जज्मानी Jajmani [3] स्त्री०
यजमानीय (नपुं०) यजमान-संबन्धी कर्म, यजमानी ।

ਜਟ जट् Jat [3] स्त्री०
जटा (स्त्री०) जटा, उलझे और आपस में चिपके हुए बाल ।

ਜਟਧਾਰ जट्धार् Jatdhar [3] पुं०
जटाधारिन् (त्रि०/पुं०) वि०—जटाधारी, ब्रह्मचारी । पुं०—शिव, महादेव ।

ਜਟਾ जटा Jata [3] स्त्री०
जटा (स्त्री०) जटा, उलझे लम्बे बाल ।

ਜਟਿਆਰਾ जट्यारा Jatyara [3] पुं०
जटिल (वि०/पुं०) वि०—जटिल, जटाधारी । पुं०—शिव, महादेव ।

ਜਟੀਲਾ जटीला Jatila [3] वि०/पुं०
जटिल (वि०/पुं०) वि०—जटा वाला; कठिन; ब्रह्मचारी । पुं०—बब्बर शेर; शिव ।

ਜੱਟ जट्ट् Jatt [3] पुं०
जट्ट (पुं०) जाट, जाति-विशेष ।

ਜੱਟੀ जट्टी Jatti [3] स्त्री०
जट्टी (स्त्री०) जाटिन, जाट की पत्नी ।

ਜਠਰ-ਰੋਗ जठर्-रोग् Jathar-rog [3] पुं०
जाठररोग (पुं०) उदर-रोग, पेट की बीमारी ।

ਜਠਰਾਗਨੀ जठ्राग्नी Jathragni [3] स्त्री०
जठराग्नि (पुं०) जठराग्नि, पेट के भीतर खाये हुए अन्न को पचाने वाली आग ।

ਜਠਾਣੀ जठाणी Jathani [3] स्त्री०
ज्येष्ठपत्नी (स्त्री०) जिठानी, पति के बड़े भाई की पत्नी ।

ਜਠੀ जठी Jathi [1] स्त्री०
ज्येष्ठदुहितृ (स्त्री०) जेठ की लड़की पति के बड़े भाई की पुत्री ।

ਜਠੁੱਤ जठुत्त् Jathutt [3] पुं०
ज्येष्ठपुत्र (पुं०) जेठ का लड़का, पति के बड़े भाई का पुत्र ।

ਜਠੁੱਤਰ जठुत्तर् Jathuttar [3] पुं०
द्र०—ਜਠੁੱਤ ।

ਜਠੇਰਾ जठेरा Jathera [3] पुं०
ज्येष्ठतर (पुं०) सबसे बड़े जेठ, पति का सबसे बड़ा भाई ।

ਜਣਨ जणन् Janan [3] पुं०
जनन (नपुं०) जनन, उत्पत्ति ।

ਜਣਨਾ जण्ना Janna [3] सक० क्रि०
जनयति (दिवादि प्रेर०) जनन कर उत्पन्न करना ।

ਜਣਨੀ जण्नी Janni [3] स्त्री०
जननी (स्त्री०) जननी, माता, माँ ।

ਜਣਾ जणा Jaṇa [3] पुं०
जन (पुं०) पुरुष, मनुष्य ।

ਜਣਾਉਣਾ जणाउणा Jaṇauṇa [3] सक० क्रि०
